27 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 247


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशील सोच से नशामुक्ति की ओर झारखंड : दीपिका पांडेय सिंह



## पुरी से रांची तक रथ यात्रा की धूम : भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ जायेंगे मौसीबाड़ी

# नेत्रदान हुआ, ऐतिहासिक रथ यात्रा आज

रांची/पुरी (आजाद सिपाही)। इंट्रो- पुरी से रांची तक रथ यात्रा की धूम है। गुरुवार को भगवान जगन्नाथ नेत्रदान के साथ ही स्वस्थ हो गये। अब दोनों जगहों पर शुक्रवार को रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। रथ बन कर तैयार है। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी जायेंगे। रथ यात्रा के लिए अनुष्ठान, पूजा समेत सारी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। रांची में रथ यात्रा को लेकर उत्साह है। भगवान जगन्नाथ 15 दिन मौसी बाड़ी में रहेंगे। इस दौरान जगन्नाथपुर क्षेत्र में मेला लगा रहता है। मेला में बच्चों के मनोरंजन से लेकर अन्य सामग्री बेचने के लिए दुकाने सजने लगी हैं।

## पुरी में 200 लोगों ने 58 दिनों में तैयार किया रथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी/भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पुरी में शुक्रवार को रथयात्रा है। पुरी में इसे घोष यात्रा भी कहा जाता है। इस दिन कल भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को तीन विशाल रथों में श्री गुंडिचा ले जाया जायेगा और पुरी के भव्य मार्ग, बड़ दांड पर देवताओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ तैयार हो चुके हैं। हर साल 45 फीट ऊंचे तीनों रथ 200 से ज्यादा लोग सिर्फ 58 दिनों में तैयार करते हैं। ये रथ 5 तरह की खास लकड़ियों से पूरी तरह हाथों से बनाये जाते हैं। लकड़ियां मापने के लिए किसी स्केल का इस्तेमाल नहीं होता, बल्कि एक छड़ी से ही माप कर 45 फीट ऊंचे और 200 टन से ज्यादा वजनी रथ तैयार किये जाते हैं। हर साल नये रथ बनते हैं। इनकी शुरुआत अक्षय तृतीया से हो जाती है और गुंडिचा यात्रा के दो दिन पहले रथ बन कर तैयार हो जाते हैं। यात्रा खत्म होने के बाद रथों को तोड़ दिया जाता है।



### पहली बार एनएसजी रहेंगे तैनात

ओड़िशा के डीजीपी वाईबी खुरानिया ने बताया कि रथा यात्रा में पहली बार एनएसजी तैनात की जायेगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह फैसला लिया गया है। वहीं, भीड़ मैनेजमेंट के लिए पहली बार एआइ का इस्तेमाल किया जायेगा। सीसीटीवी में भी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जायेगा, जिसके जरिये ये पता लग सकेगा कि कौन कहां जा रहा है या कितनी भीड़ है। उसी के हिसाब से रूट डायवर्जन किये जायेंगे। वहीं ड्रोन का इस्तेमाल कई गुना ज्यादा किया जा रहा है। किसी भी तरह के ड्रोन को देखकर उसे मार गिराने की भी तैयारी है। इस साल दस हजार पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं।

### रथ यात्रा के लिए बनाया गया चैटबॉट

एक चैट बॉट की व्यवस्था की गयी है। जिसमें भक्त जो पूरी की तरफ आना चाहते हैं, दर्शन करने के लिए वो देख पायेंगे और जान पायेंगे कि कौन सा रास्ता उनके लिए ठीक है। भक्त यह भी जान सकेंगे कि कहां-कहां पर पार्किंग की व्यवस्था है। उसमें उनके लिए जगह है या नहीं।

## रांची में 333 सालों से निकल रही है भव्य रथयात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा में स्थित जगन्नाथ मंदिर में पिछले 333 सालों से लगातार रथ यात्रा की परंपरा निभायी जा रही है। प्रभु की ऐतिहासिक और दैवीय यात्रा के लिए हर साल विशेष तैयारियां की जाती हैं। इस साल भी रांची में रथयात्रा की तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रभु के रथ भी अपने अंतिम स्वरूप में आ चुका है। शुक्रवार को यहां भी मुख्य मंदिर से प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकलेगी।

**प्रशासन तैयार:** वहीं, रथयात्रा के दिन जगन्नाथ मंदिर से लेकर मेला क्षेत्र तक हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जगन्नाथपुर और आसपास के क्षेत्रों में 700 से अधिक पुलिस बल तैनात किये गये हैं। इसके अलावा तीन डीएसपी और आधा दर्जन से ज्यादा थानेदारों के अतिरिक्त क्यूआरटी की भी तैनाती रहेगी।



### पुरी के बाद दूसरा सबसे बड़ा मेला

कहते हैं कि रांची में लगने वाला जगन्नाथ मेला, ओड़िशा के पुरी के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा और भव्य रथ मेला माना जाता है। यहां पुरी की ही तरह जगन्नाथ स्वामी का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। रथ खींचने के लिए रांची के साथ रामगढ़, खूंटी, गुमला, हजारीबाग, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु जगन्नाथ मंदिर पहुंचते हैं। मान्यता है कि प्रभु के रथ की रस्सी खींचने से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

### पूरा इलाका भक्तिमय, सज कर तैयार

भगवान जगन्नाथ के नेत्रदान के बाद गुरुवार शाम को श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। रथ बन कर तैयार है। पूरा क्षेत्र में मेला लगा हुआ है। भक्तों का पहुंचना शुरब हो गया है। रथ यात्रा शाम में निकलेगी, लेकिन सुबह से ही भक्त आने लगते हैं। इसे देखते हुए सारी तैयारी कर ली गयी है। रथयात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं और बुजुर्गों की सुविधा के लिए अलग कतारें, विश्राम स्थल और हेल्प डेस्क बने हैं।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देखने पहुंचीं राष्ट्रपति





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में इलाजरत राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंची।

अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पुत्रवधू कल्पना सोरेन से मलाकात की और गुरुजी के स्वास्थ्य और चल रहे इलाज की पूरी जानकारी ली। राष्ट्रपति उनके शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। बताते चलें कि शिबू सोरेन पिछले दिनों रूटीन चेक अप के लिए दिल्ली गये थे। इस बीच उनकी थोड़ी तबियत खराब हो गयी। तीन दिन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली गये थे। बुधवार को शिबू के छोटे बेटे बसंत सोरेन और पुत्रवधु कल्पना सोरेन भी दिल्ली पहुंच गयीं। डाक्टरों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है।

### ● मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दी सारी जानकारी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव का बड़ा संदेश

## ■ बिहार से पहले हुए उपचुनाव ने कांग्रेस-भाजपा के लिए बजायी खतरे की घंटी

## ■ सबसे बड़ी राहत आम आदमी पार्टी को मिली, जिसका ग्राफ गिरता जा रहा था

## ■ केरल में कांग्रेस की जीत ने माकपा के ढहते किले को कुछ और कमजोर किया

**बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले देश के चार प्रमुख राज्यों, पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल और केरल की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आये परिणामों में जहां आप और टीएमसी को खुशी मिली है, वहीं कांग्रेस और भाजपा को रणनीतिक झटका भी लगा है, लेकिन माकपा को करारी मात मिली है। उपचुनाव परिणाम इस बात का संदेश देते हैं कि जहां आप को उम्मीदों के विपरीत पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर दोबारा जीत मिली है, वहीं केरल में कांग्रेस को एक सीट मिलने से वहां उसकी स्थिति मजबूत हुई है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भी एक जीती हुई सीट पुनः मिलने से जहां उसका सियासी दबदबा बरकरार रहा है, वहीं गुजरात में भाजपा को महज एक सीट मिलना उसके लिए तनाव बढ़ानेवाला है। इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। यह उपचुनाव आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी कामयाबी लेकर आया, क्योंकि दिल्ली के बाद अब गुजरात में वह कांग्रेस के विकल्प के रूप में स्थापित होती जा रही है। वैसे देखने में यह उपचुनाव बेहद छोटा है, लेकिन इसके परिणाम में बड़े राजनीतिक संदेश छिपे हुए हैं। सियासी नजरिये से देखा जाये, तो गुजरात-पंजाब में कांग्रेस-भाजपा की हार ने देश के राजनीतिक मिजाज का एक नया अध्याय लिखना शुरू किया है, जिसका असर आगे आनेवाले चुनावों में जरूर देखने को मिल सकता है। क्या हैं इन पांच सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणामों के सियासी संदेश, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित कर दिये गये हैं। केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट, गुजरात की काडी और विसावदर और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर उपचुनाव हुए थे। केरल की नीलांबुर को छोड़ कर बाकी जगहों पर वही पार्टी जीती है, जिसने पिछली बार भी इन सीटों को जीता था। नीलांबुर की सीट को कांग्रेस ने वाम मोर्चे से छीना है और वहां माकपा को हराया है, जबकि गुजरात की विसावदर सीट आम आदमी पार्टी ने बचायी है, जबकि उसके विधायक भूपेंद्र भयानी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे, जिसकी वजह से यहां उपचनाव करवाना पड़ा।

### पहला संकेत केरल से

इस उपचुनाव के नतीजे से तीन बड़े संकेत मिल रहे हैं। पहला संकेत है केरल के नीलांबुर से, जहां कांग्रेस के आर्यादन शौकत ने माकपा के एम स्वराज को हराया है। यह सीट दो बार के विधायक रहे और माकपा के सर्मथन से जीतने वाले निर्दलीय पीवी अनवर के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। अनवर इस बार भी निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़े और उन्हें करीब 10 हजार वोट मिले और यही अंतर रहा कांग्रेस और माकपा के बीच का भी। कांग्रेस के लिए नीलांबुर की जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विधानसभा सीट वायनाड लोकसभा क्षेत्र में आती है और वहां की सांसद होने के नाते प्रियंका गांधी ने भी चुनाव प्रचार में जमकर हिस्सा लिया था। नीलांबुर में कांग्रेस ने तीसरी बार उपचुनाव जीता है। 1970 और 1980 में भी कांग्रेस नीलांबुर की सीट उपचुनाव में जीत चुकी है। कांग्रेस ने 2021 के बाद पहली बार कोई सीट माकपा से जीती है। यहां मतदान का प्रतिशत भी सबसे ज्यादा 73.26 फीसदी रहा है। केरल में इसी साल स्थानीय निकायों के चुनाव होने हैं और अगले साल विधानसभा के। ऐसे में कांग्रेस की इस जीत को केरल के लिहाज से एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जहां कहा जाता है कि कांग्रेस बंटी हुई है। शशि थरूर का अपना कैंप है और बाकियों का अपना। यहां से जीतने वाले आर्यदन शौकत के पिता भी 1987 से लेकर 2016 तक इस सीट को जीतते आये थे।



### दूसरा संकेत गुजरात से

दूसरी सबसे बड़ी कहानी है आम आदमी पार्टी का विसावदर की सीट जीतना। यह सीट तब खाली हुई थी, जब आप विधायक भाजपा में चले गये थे। आम आदमी पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेता गोपाल इटालिया को मैदान में उतारा था, जिन्होंने साढ़े 17 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने जो हमारा विधायक चोरी किया था, उसे हम छीन लाये। मतलब साफ है कि अब लड़ाई भाजपा बनाम आप है। गुजरात में कांग्रेस अब नहीं रह गयी। वह भाजपा की कठपुतली बनकर रह गयी है। गुजरात में 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं।

### तीसरा संकेत पंजाब से

तीसरी कहानी लुधियाना पश्चिम के उपचुनाव की। यह सीट आम आदमी पार्टी के विधायक के निधन के बाद खाली हुई थी और यहां से आप ने अपने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को टिकट दिया था। संजीव अरोड़ा जीते भी। कहा जा रहा है कि संजीव अरोड़ा की खाली हुई राज्यसभा सीट से शायद अरविंद केजरीवाल चुनकर आयें, लेकिन उपचुनाव में जीत के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में केजरीवाल ने राज्यसभा में जाने से इंकार किया है। लुधियाना उपचुनाव में कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें 24,542 वोट मिले, जबकि संजीव अरोड़ा को 35,179 वोट। लेकिन असली कहानी भाजपा और अकाली दल की है। लुधियाना उपचुनाव यह संकेत दे रहा है कि यदि पंजाब में भाजपा को कुछ करना है, तो उसे अकाली दल का साथ लेना होगा। अब यह कैसे होगा, ये दोनों दलों पर निर्भर करता है, क्योंकि किसान आंदोलन के बाद इनके संबंध बहुत खराब हो गये हैं, लेकिन आंकड़े यही इशारा कर रहे हैं। लुधियाना उपचुनाव में भाजपा के 20,323 वोट और अकाली दल के 8,203 के वोट अगर जोड़ दिये जायें, तो भाजपा-अकाली गठबंधन दूसरे नंबर पर आता है और वह आम आदमी पार्टी को चुनौती दे सकता है।

बाकी दो और सीटों पर, गुजरात की काडी और पश्चिम बंगाल की कालीगंज, जहां उपचुनाव हुए, वहां सत्तारूढ़ दलों ने जीत दर्ज की है। बंगाल में टीएमसी की जीत का अंतर भाजपा से और बढ़ा है।

### भाजपा-कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी

इस उपचुनाव का सबसे बड़ा सियासी संकेत भाजपा और कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी है। कांग्रेस के लिए यह खतरे की घंटी इसलिए है, क्योंकि दिल्ली के बाद अब गुजरात में भी वह हाशिये पर जाती दिख रही है, जबकि आम आदमी पार्टी उसका स्थान ले रही है। भाजपा के लिए गुजरात के साथ पंजाब और पश्चिम बंगाल भी खतरे की घंटी बजा रहा है, क्योंकि इन राज्यों मे जल्दी ही चुनाव होनेवाले हैं।

---

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर निशाना साधा

# जमाई टोला से झारखंड की पहचान खतरे में : गिरिराज सिंह

**कांग्रेस को देशभर में माफी सभा करके देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए**

**राज्य सरकार सत्ता लोभ में आपातकाल से भी खतरनाक खेल खेल रही**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कांग्रेस पार्टी और हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के पूरक नहीं हो सकते हैं। 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने देश पर इमरजेंसी थोपी, लोकतंत्र की हत्या की तो देश की युवा पीढ़ी को आज जानने की जरूरत है कि लोकतंत्र की जननी भारत जहां लिच्छवी गणराज्य था, में आखिर आपातकाल क्यों लगाया गया। क्यों लोकतंत्र को मारने की कोशिश की। इससे यह स्पष्ट है कि आपातकाल लगाने वाली प्रधानमंत्री इंदिरा वंशवाद की उपज थी। लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के पूरक नहीं हो सकते। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वंशवाद की उपज और सत्ता की लोलुप इंदिरा गांधी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश पर 25 जून 1975 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के हस्ताक्षर से आपातकाल थोप दिया। रेडियो प्रसारण से देश की जनता इस काले संदेश को सुनी, लाखों लोगों को बिना कोई कसूर के गिरफ्तार किया गया। दो लाख से अधिक राजनीतिक दल के नेताओं की गिरफ्तारी की गयी। अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, राज नारायण, झारखंड के कड़िया मुंडा जैसे अनेक नेता गिरफ्तार किये गये। महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निरस्त कर दिया गया।

आज भले ही मस्जिदों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में फतवा जारी होता है लेकिन आपातकाल में मस्जिदों को भी नहीं बख्शा गया था। पकड़-पकड़ कर नसबंदी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो किताब लेकर घूमते-फिरते संविधान बचाने की दुहाई देते हैं उन्हें अपना इतिहास पढ़ना चाहिए। आज के नौजवानों को कांग्रेस के इस चरित्र को जानना जरूरी है। कलम की ताकत लोकतंत्र के कारण बची है। कलम बंद नहीं करना पड़े इसलिए आज की पीढ़ी को लोकतंत्र के काले अध्याय के विषय में जानना जरूरी है। कांग्रेस 25 जून को देशभर में माफी सभा करके देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा देश भर में मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से युवाओं को इस काले अध्याय से परिचित करा रही है।

हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां तो आपातकाल से भी भयावह स्थिति है। झारखंड जमाई टोला का राज्य बनता जा रहा। झारखंड बारूद के ढेर पर बैठा है। यह बारूद जमाई टोला है। देश से घुसपैठियों को बाहर करने का काम किया जा रहा है लेकिन झारखंड में इनके लिए रेड कारपेट बिछायी जा रही। आदिवासी आबादी घट रही। उनके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज बचेगा तभी तो नेता बनेंगे।

हेमंत सरकार ने अबतक पेसा कानून लागू नहीं किया है। यह कानून आदिवासियों की परंपरा संस्कृति को बचाने का कानून है। जल, जंगल, जमीन पर अधिकार दिलाने का कानून है। आज राज्य के युवाओं को दलगत भावना से ऊपर उठकर झारखंड को बचाने के लिए चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार सत्ता के लोभ में घुसपैठियों को संरक्षण देकर आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक खेल खेल रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, महानगर प्रदेश प्रवक्ता अजय साह, वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे।

---

## झामुमो का पलटवार : भाजपा की साजिशों को जनता ने नकारा

# झारखंड में भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति नहीं चलने वाली:विनोद पांडेय

**सवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय का तीखा हमला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे अपनी सांप्रदायिक राजनीति को झारखंड की धरती से दूर रखें। इससे झारखंड प्रभावित नहीं होगा।




विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता ने पिछले चुनावों में भाजपा की साजिशों को करारा जवाब दिया है और अब तुष्टीकरण जैसे निराधार आरोप लगाने का उनका कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने भाजपा शासित राज्यों की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वहां की जनता त्रस्त है, फिर भी भाजपा नेता दूसरों पर उंगली उठाते हैं।

विनोद कुमार पांडेय ने आपातकाल को लेकर भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों को अनुचित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जेबी संस्था में तब्दील कर दिया है, जिनका उपयोग सत्ता के दुरुपयोग और विरोधियों को दबाने में हो रहा है। उन्होंने कहा, कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है, जहां कुछ लोग पूरे सिस्टम को अपने इशारों पर चला रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। झारखंड की जनता जागरूक है और वह भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विनोद कुमार पांडेय ने गिरिराज सिंह से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा देश और झारखंड के विकास में लगायें, न कि सांप्रदायिक तनाव फैलाने में। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियां और बयानबाजी देश के संवैधानिक मूल्यों और एकता को कमजोर कर रही हैं। झामुमो ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा ने अपनी रणनीति नहीं बदली, तो झारखंड की जनता भविष्य में भी उन्हें सबक सिखाने में पीछे नहीं हटेगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड अपने प्रांत के हितों और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनता अब ऐसी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी जो नफरत और विभाजन की बुनियाद पर टिकी हो।

---

## आदिवासी बेटी के अपहरण पर बाबूलाल ने सरकार पर उठाया सवाल, कहा

# आरोपी का धर्म देखकर कानून तय किया जा रहा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार को घेरा है। उन्होंने झारखंड में आदिवासी बेटियों की सुरक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा, 'गिरीडीह ज़िले में एक और आदिवासी बेटी का अपहरण हुआ। 8 दिन तक लापता रहने के बाद लड़की मिली तो उसके परिवार ने थाने में तहरीर दी। लेकिन अब तक कोई गिरफ़्तारी नहीं। कोई सख़्त कानूनी कार्रवाई नहीं। क्योंकि गठबंधन सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि आरोपी का धर्म और वोटबैंक देखकर कानून तय किया जाये। हमने इस सरकार के समय में लगातार देखा है कि कैसे झारखंड में आदिवासी बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है। कभी जबरन गायब किया जाता है, कभी धर्मांतरण की साज़िश में फंसाया जाता है, कभी बलात्कार और हत्या तक की घटनाएं होती हैं और हर बार, सरकार की प्रतिक्रिया एक जैसी होती है- न कोई संवेदना। न कोई तात्कालिक कार्रवाई। न कोई राजनीतिक जवाबदेही।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशील सोच से नशामुक्ति की ओर झारखंड : दीपिका पांडेय सिंह

## राज्य को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में हुई नयी शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 10 जून से 26 जून तक आयोजित मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन गुरुवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदृष्टि सोच और संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान का समापन नहीं बल्कि राज्य को नशामुक्त एवं अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक नयी शुरूआत है।



### नशे के सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आज झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में कदम से कदम मिला कर चल रहा है जहां सभी आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर झारखंड सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी मुखर होकर खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के बड़े सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि समाज के ताने-बाने को नष्ट करने वाले तत्वों पर रोक लगायी जा सके।

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने जानकारी दी कि इस वर्ष 27,000 एकड़ भूमि पर फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि खूंटी जैसे संवेदनशील जिलों में स्थानीय ग्रामीणों ने भी स्वेच्छा से इस अभियान में भागीदारी की।

### चलाया गया व्यापक अभियान : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि अफीम की खेती और नशे के कारोबार ने राज्य के कई हिस्सों को अपनी चपेट में लिया है। उन्होंने बताया कि इस बार राज्य सरकार ने तकनीक एवं बहु-विभागीय समन्वय के जरिए अफीम की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया है। अफीम की खेती के खिलाफ चलाये गये व्यापक अभियान को उन्होंने कॉम्प्रिहेंसिव सफलता बताया।

### नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में करें शामिल

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में शामिल किया जाये एवं एनएसएस वालंटियर की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

### 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि अफीम की खेती से राज्य के 238 पंचायत प्रभावित हैं, जहां जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीते दो हफ्तों में 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान 3,000 से अधिक स्कूलों में 22 लाख बच्चों को शामिल करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही डोर-टू-डोर प्रचार, मास्टर ट्रेनर्स की तैयारी और यूनिसेफ की तकनीकी सहायता इस अभियान की खास विशेषताएं रहीं।

इस मौके पर उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, आइजी असीम विक्रांत मिंज समेत कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।














## महत्वपूर्ण खबरें

### इग्नू ने नर्स प्रबंधकों के लिए नया कार्यक्रम शुरू किया

रांची (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 के शैक्षणिक सत्र से नर्स प्रबंधकों के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका नाम है नर्स मैनेजर तो स्ट्रेंथ मैनेजरियल कंपीटेंसी इन नर्सिंग सर्विस। यह कार्यक्रम नर्स प्रबंधकों को नर्सिंग सेवाओं में उनकी प्रबंधकीय क्षमताओं को मजबूत करने में मदद करेगा। नर्स प्रबंधकों की प्रबंधकीय क्षमताओं को मजबूत करना है। इसमें नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 है। अधिक जानकारी और नामांकन के लिए इग्नू की वेबसाइट पर जा सकते हैं। इसके अलावा, इग्नू ने हाल ही में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया कोर्स भी शुरू किया है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में कुशल कार्यबल तैयार करना है। यह कार्यक्रम दो वर्ष की अवधि का है और इसमें चार सेमेस्टर में 112 क्रेडिट हैं।

### टाइटन आई प्लस स्टोर का नवीनीकरण और फ्लैगशिप स्टोर में परिवर्तन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के जीएल चर्च, मेन रोड स्थित टाइटन आई प्लस स्टोर का नवीनीकरण और फ्लैगशिप स्टोर में परिवर्तन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राघवन एन एस, सीइओ टाइटन कंपनी लिमिटेड ऑयवेअर डिवीजन, अशोक मानकतला बिजनेस एसोसिएट और विशाल आर्या उपस्थित थे। इस नये स्टोर में उन्नत तकनीक के जेइस्स क्लिनिक की व्यवस्था की गयी है, जिसमें त्रुटि हीन आंख जांच और पावर मुफ्त में दिया जाता है। इसके अलावा, मुफ्त में श्रवण शक्ति जांच की सुविधा भी उपलब्ध है और श्रवण-संबंधी उपकरण की मुफ्त में ट्रायल प्रदर्शन दिया जा रहा है। इस नवीनीकरण उद्घाटन के अवसर पर 15 जुलाई 2025 तक सभी ब्रांड्स पर फ्लैट 10 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जा रहा है। इस नये स्टोर में रुपये 800 से 4 लाख तक के आई वियर फ्रेम्स और सनग्लास उपलब्ध हैं, जिसमें टाइटन और जेइस्स के लेंस को लगवाया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ ओप्थोमलोगिस्ट डॉ डॉली टंडन सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### रांची में ग्लिट्ज एंड ग्लैम एग्जीबिशन का आयोजन 4 और 5 जुलाई को



रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची उड़ान प्रस्तुत कर रहा है ग्लिट्ज एंड ग्लैम एग्जिबिशन, जो 4 और 5 जुलाई 2025 को स्वर्णभूमि, कांटाटोली, रांची में आयोजित किया जायेगा। यह एग्जिबिशन रांची का सबसे बहुप्रतीक्षित आयोजन है, जिसमें देश के अलग-अलग शहरों से आये हुए स्टॉल होल्डर्स अपने अनोखे और ट्रेंडी कलेक्शन के साथ शामिल हो रहे हैं। इस एग्जिबिशन में बच्चों और लेडीज के स्टाइलिश कपड़े, आकर्षक फैशन ज्वेलरी, होम डेकोर के सुंदर आइटम्स, राखी और गिफ्ट कलेक्शन, लजीज खाने-पीने के स्टॉल्स, एंटरटेनमेंट, गेम्स और ढेर सारे सरप्राइज ऑफर्स है। इस एग्जिबिशन में खरीदारी के साथ जीतें शानदार गिफ्ट्स और पाएं ढेरों ऑफर्स का लाभ। यह एग्जिबिशन न सिर्फ शॉपिंग का शानदार अनुभव देगा, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक फनफिल्ड आउटिंग भी बन जायेगा।

### दो बाइक और स्कूटी के साथ चोर गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। टुनकी टोला कोकर यूरोकिड्स प्ले स्कूल के पास घर से दो बाइक और स्कूटी सहित चोर को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा सदर थाना में खबर करने पर एक लावारिस होंडा स्कूटी इसका नबर जेएच01- 8210 पड़ी है। पुलिस द्वारा खोजबीन करने पर पता चला की बाइक और स्कूटी चोरी की है। वहीं चोर के घर छापा मारी कर एक बाइक भी बरामद की। उसके बाद सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने तीन से चार अपराधियों को रंगे हाथ पकड़ा। इनकी संलिप्त अन्य चोरी में भी रही है। साथ में ये विभिन्न तरह के कांड जैसे मारपीट, छिनतइ, नशा सप्लाई भी है। रिम्स के अंदर भी चोरी करने भी बात कही जा रही है। चोरी की स्कूटी डॉ. केके सिन्हा बरियातु के पास की कही जा रही है। पूरा टुनकी टोला कोकर इनके आतंक से घबराया रहता है। बैटरी चलित टेंपू चालक ने बताया कि उनकी बैटरी भी चुरा लेते थे। अगल बगल के सभी घर में कुछ न कुछ वारदात करते रहता था।

### हड्डी और पेट रोगों के लिए पारस हॉस्पिटल में 29 जून को नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप

रांची (आजाद सिपाही)। पारस हॉस्पिटल एचइसी में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप हड्डी एवं पेट विशेषज्ञों के साथ 29 जून रविवार को लगाया जा रहा है। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। कैंप में हड्डी रोग एवं पेट रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच एवं परामर्श देंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ घुटनों के दर्द, गठिया, पीठ दर्द और जोड़ों की समस्याओं की जांच करेंगे, जबकि पेट रोग विशेषज्ञ गैस, पेट दर्द, एसिडिटी, लीवर की समस्याएं और पित्त की पथरी जैसी बीमारियों की जांच कर उचित सलाह देंगे। घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी केवल 1.20 में लाख किया जायेगा। अन्य नियम और शर्तें लागू रहेंगी। कैंप में बीएमडी टेस्ट, बीपी एवं शुगर टेस्ट, एलएफटी टेस्ट समेत अन्य जांच परामर्श के साथ नि:शुल्क होगा। अन्य डायग्नोस्टिक जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए मरीजों को 8080808069 पर पंजीकरण करना होगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी एक बार फिर मरीजों के हित के लिए नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा रहा है। कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क जांच किया जायेगा।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक गोष्ठी संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ नागरिक मंच झारखंड इकाई की ऑनलाइन मासिक गोष्ठी मुख्य अतिथि इंदु राज निगम की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। संचालन निर्मला कर्ण ने प्रेमपूर्वक किया, जबकि अर्पणा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी को सफल गोष्ठी की बधाई दी। गोष्ठी में काव्य पाठ करने वालों में सुनीता श्रीवास्तव, मोनिका प्रसाद, डॉ सुरिंदर कौर नीलम, डॉ उर्मिला सिन्हा, रंजना वर्मा उन्मुक्त, रिम्मी वर्मा, अर्पणा सिंह, पूनम वर्मा, सुमिता सिन्हा, उमा सिन्हा, बिंदु प्रसाद, नीता शेखर, रश्मि सिन्हा, निर्मला सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, राकेश रमण, निर्मला कर्ण, इंदु राज निगम एवं राजेंद्र निगम शामिल रहे।

# देश के आंदोलन में नकली गांधी परिवार का कोई योगदान नहीं : गिरिराज सिंह

**आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा, रांची महानगर ने संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय इतिहास के काला दिन आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी,रांची महानगर कार्यालय में संगोष्ठी और आपातकाल से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान मीसा कानून में जेल गये आंदोलनकारियों को केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा सम्मानित भी किया गया। संगोष्ठी में गिरिराज सिंह ने बताया कि किस प्रकार हाइकोर्ट के आदेश के विरोध में जाकर सिर्फ अपनी सत्ता बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने भारत देश को आपातकाल की आग में झोंकने का काम किया। आपातकाल के समय पूरे भारतवर्ष के शीर्ष नेताओं को जबरन जेल में डाला गया या नजर बंद किया गया। प्रेस की भी आजादी पर पाबंदी थी, उसे दौरान दूरदर्शन को इंदिरा दर्शन के नाम से जाना जाता था। रांची विधायक सीपी सिंह ने आपातकाल को याद करते हुए बताया कि मीसा जैसे काला कानून के विरोध में झारखंड में आदिवासी बंधुओं ने भी बहुत बढ़-चढ़ के अपनी भागीदारी निभायी और हजारों लोग इन तरह सरकार द्वारा रांची की जेल में ठूंस दिये गये। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिनकी दादी ने संविधान को कुचल कर देश की लोकतंत्रता पर बदनुमा दाग लगाया वही आज कांग्रेस के पोस्टर बॉय संविधान की प्रति लहराते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि जिन्हें यह तक पता नहीं है कि संविधान में कितने पन्ने होते हैं वह संविधान के हित और हिफाजत की बात करते हैं। वर्तमान झारखंड सरकार का भी उद्देश्य एक तरह से झारखंड में अघोषित आपातकाल की स्थिति पैदा करने जैसी है परंतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हेमंत की इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगोष्ठी कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रांची विधायक क सिंह हटिया विधायक नवीन जायसवाल के द्वारा ब्लूम क्राफ्ट फाउंडेशन द्वारा आपातकाल पर लिखी पुस्तक का अनावरण, वृक्षारोपण और आपातकाल से जुड़ी प्रदर्शनी का लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूर्यमणि सिंह, सत्येंद्र मलिक, प्रमोद मिश्रा, राम प्रसाद चालान, शिव गोविंद पांडेय, रामचंद्र नायक, रामचंद्र केसरी, राजेंद्र पांडेय, सुदर्शन चौबे, प्रेम मित्तल, डॉ समर सिंह, भवानी प्रसाद, नर्सरिया, गोपाल प्रसाद, उमाशंकर केडिया जैसे आंदोलनकारी जो मिस कानून में जेल गये थे मौजूद थे। साथ ही सुबोध सिंह गुडडू, पवन साहू, रमेश सिंह जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, विनय सिंह, अनिता वर्मा, अश्विनी सुखीजा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन ने गिरिराज सिंह का किया अभिनंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भव्य स्वागत राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष अजय राय ने किया। इस अवसर पर फाउंडेशन की टीम ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल पर आधारित पुस्तक भेंट की। साथ ही, पारंपरिक रूप से शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया। पुस्तक भेंट का मुख्य उद्देश्य था कि स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की स्मृति को सशक्त बनाना और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल को नमन करते हुए कहा कि ऐसे योद्धाओं की स्मृति नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा का भी स्वागत किया गया।

# आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहिष्णुता : संजय सेठ

**रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ अंटानानारियो भारतीय दूतावास में आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में शामिल हुए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ ने गुरुवार को अंटानानारियो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। इस दौरान मंत्री ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भारत में हाल के घटनाक्रमों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नया भारत के विजन को साझा किया और वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित करते हुए, विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से बताया। मंत्री ने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस रिसेप्शन में सैकड़ों भारतीय प्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें बोहरा, खोजा, इस्माइली (आगा खान) और हिंदू समाज समुदायों के प्रतिनिधि शामिल थे। भारत के साथ उनकी सक्रिय भागीदारी और स्थायी संबंध दोनों देशों के बीच जीवंत लोगों से लोगों और सांस्कृतिक संबंधों की आधारशिला बने हुए हैं। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में बंडारू विल्सन बाबू, मेडागास्कर में भारत के राजदूत भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी मेडागास्कर में भारतीय सामुदायिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल थे।

# राज्य के नवनिर्माण के लिए संघर्ष करें युवा: सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने छात्र और युवा से राज्य के नवनिर्माण के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया है। उन्होंने पार्टी के छात्र इकाइयों के प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में गुरुवार को संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। सुदेश ने कहा कि आजसू का इतिहास झारखंड आंदोलन से जुड़ा है। आजसू ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभायी है। अब झारखंड के नवनिर्माण के लिए छात्र युवा शक्ति को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। सुदेश महतो ने आह्वान किया कि युवा संगठन की विचारधारा और सिद्धांतों को समझें और कॉलेज और ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार करें। सुदेश ने जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता, छात्र, युवा और जनता के मुद्दों को उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि आजसू झारखंडी विचारधारा और झारखंडियत को स्थापित करने वाला संगठन है।

#### संगठन की नीतियां लोगों तक पहुंचे : देवशरण

डॉ देवशरण भगत ने पदाधिकारियों को एकजुट होकर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया। ताकि संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचे। साथ ही, उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आजसू सड़कों पर संघर्ष करेगी। वहीं पार्टी नेता प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू का गठन सत्ता के लिए नहीं, बल्कि झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान के आधार पर संगठन विस्तार किया जायेगा। इस मौके पर संजय मेहता, हरीश, ओम वर्मा, बबलू महतो, विशाल महतो, राजकिशोर महतो, राजेश कुमार महतो, टिकैत महतो, पीयूष चौधरी, ज्योत्सना केरकेट्टा, ऋतुराज सहदेव, आनंद साहू, राजेश सिंह, रोशन नायक सहित अन्य मौजूद थे।

# विकास दास फिर बने कोकर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा कोकर स्तिथ प्राचीन हनुमान मंदिर में महत्वपूर्ण मीटिंग रखी गयी। इसमें मुख्य रूप से पुरानी कमेटी को भंग करके नयी कमेटी का गठन किया गया एवं पुनः विकास दास को पिछले बार की सफल आयोजन को देखते हुए कोकर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष चुना गया एवं जल्द से जल्द भूमि पूजन कर पंडाल का शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। मौके पर विकास दास ने सभी कमेटी के सदस्यों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष पूजा पिछले वर्ष से भव्य और विशाल रूप से की जायेगी एवं सभी कार्यकर्ता से वह अपील किया गया है कि वे पूजा में अपनी भागीदारी बढ़ चढ़कर निभाएं एवं पूजा को भव्य रूप से आकर्षण का केंद्र बनायें।

# गेल राइज विद एसएपी-एस/4हाना ऑन क्लाउड के साथ गो-लाइव होनेवाली पहली महारत्न पीएसयू बनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड 25 जून को संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल द्वारा एक औपचारिक लॉन्च के साथ सफलतापूर्वक एसएपी एस/4 हाना के साथ गो-लाइव हो गयी है। इस अवसर पर आरके जैन, निदेशक (वित्त), गेल, दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजनाएं), गेल, आयुष गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), गेल, संजय कुमार, निदेशक (विपणन), गेल, राजीव कुमार सिंघल, निदेशक (बीडी), गेल और रजनीश सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, गेल उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनके साथ मनीष प्रसाद, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसएपी, भारतीय उपमहाद्वीप और गेल व एसएपी के अन्य प्रतिष्ठित वरिष्ठजन भी शामिल हुए, जिन्होंने गेल की परिवर्तन यात्रा में इस महत्वपूर्ण डिजिटल मील के पत्थर को देखा। इस अवसर पर संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने कहा कि यह एक रणनीतिक छलांग है जो हमें अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और हितधारकों को और भी अधिक मूल्य प्रदान करने में मदद करेगी। नवोदय नामक इस पहल के साथ, गेल यह मील का पत्थर हासिल करने वाली पहली महारत्न पीएसयू बन गयी है। राकेश कुमार जैन, निदेशक (वित्त), गेल ने इस नये उद्यम के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा, क्लाउड-सक्षम इंटेलिजेंट इआरपी प्रणाली में यह संक्रमण केवल प्रौद्योगिकी के बारे में नहीं है - यह एक मजबूत, स्मार्ट और अधिक चुस्त उद्यम के निर्माण के बारे में है।

# ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए नयी साप्ताहिक एक्सप्रेस सेवा शुरू





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए शुरू की गयी नयी साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ किया। इस अवसर पर रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन ग्वालियर, गुना, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग बेंगलुरु की ओर यात्रा करते हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। एक दशक पूर्व जहाँ राज्य को 600 करोड़ के आसपास रेल बजट प्राप्त होता था, वहीं वर्तमान में 14,745 करोड़ का रेल बजट आवंटित किया गया है। मध्य प्रदेश में 100 प्रतिशत रेल विद्युतीकरण पूर्ण किया जा चुका है। सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि उज्जैन स्टेशन के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार है। स्टेशन पर कार्य सिंहस्थ आयोजन के बाद आरंभ किया जायेगा, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उज्जैन के साथ ही इंदौर सहित आसपास के अन्य स्टेशनों पर भी कार्य तेजी से चल रहा है। गाड़ी संख्या 11086 ग्वालियर-बेंगलुरु एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 15:00 बजे ग्वालियर से प्रस्थान करेगी और नागपुर, काचेगुड़ा, धर्मावरम होते हुए रविवार सुबह 07:35 बजे सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 11085 प्रत्येक रविवार को शाम 15:50 बजे बेंगलुरु से रवाना होकर मंगलवार को सुबह 10:25 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। इस साप्ताहिक ट्रेन में कुल 22 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें चार सेकंड सिटिंग, चार तृतीय वातानुकूलित, तीन तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी, दो द्वितीय वातानुकूलित तथा शेष स्लीपर श्रेणी के कोच शामिल हैं।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय संचार तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम से मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मौजूद जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा आमजन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर सहभागी बने।

### ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम की शुरुआत की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और जेआइटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड ने मिलकर राज्य के सभी स्कूलों में कार्यरत लगभग सात सौ वोकेशनल ट्रेनर्स के लि, एक विशेष ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वोकेशनल ट्रेनर्स को उच्च स्तर की प्रेरणा और कौशल प्रदान करना है। ताकि वे स्कूली बच्चों को ब्लू-कॉलर नौकरियों के महत्व को समझा सके, और उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर सके। दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे योगेश कुमार ने बताया कि इस टीओटी कार्यक्रम के माध्यम से ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जायेगा कि कैसे बच्चों को प्रेरित करना है। ब्लू-कॉलर नौकरियों की महत्ता को रेखांकित करना है और उन्हें ऐसी शिक्षा देनी है। जिससे उनकी आय व्हाइट-कॉलर नौकरियों से भी अधिक हो सके। जेआइटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड के हर स्कूल में वोकेशनल ट्रेनर्स नियुक्त किये हैं। अब यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें एक जोश और कमिटमेंट के साथ सशक्त बनायेगा। वे झारखंड की शैक्षिक और व्यावसायिक तस्वीर को पूरी तरह बदल सकें। यह कार्यक्रम झारखंड में वोकेशनल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेइपीसी और जेआइटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड इस पहल के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए नये अवसर सृजित करने और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रतिज्ञा संस्था के बच्चों ने ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। बाल मित्र थाना जगन्नाथपुर में गुरुवार को झारखंड में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रतिज्ञा संस्था के बच्चों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड में नशा मुक्ति अभियान के प्रति बच्चे भी सजग हो रहे हैं। प्रतिज्ञा संस्था द्वारा संचालित सृजन बचपन हटिया के बच्चें अपने अपने मोहल्ले नायक मोहल्ला, गन्यौर टोली, गिरजा टोली में सभी बाल नेताओं के साथ समुदाय के बाकी बच्चों ने मिलकर ट्रांजेक्ट वॉक किया। ज्ञापन को सौंपने के लिए तीनों मोहल्ला के सृजन बचपन के बाल अधिकार- वकील शैल्वी लकड़ा, संजनी कुमारी, रेशमी तिरु स्वास्थ शिक्षक -मुस्कान कुमारी नमन स्वांसी, रेशमी पूर्ति बाल खेल शिक्षक -अंश नायक, अभिषेक सोय, जीतू सिंह, बाल पुस्तकालय वकील -कशिश स्वांसी, रुत भेंगरा, निशांत मुंडू, बाल ऐडमिन - रिमझिम कुमारी, सिमरन कुमारी, पुजा टूटी साथ ही प्रतिज्ञा संस्था से केंद्र के मैनेजर नमिता लकड़ा, मोनिका, और सावित्री केरकेट्टा भी मौजूद थीं। इसके अलावे बाल मित्र थाना परिसर के अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

### डीएवी गांधीनगर में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्र की समृद्धि और समाज की शांति के लिए नशा अभिशाप है। विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में वर्जित मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोंदा थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए समाज में फैली नशीले पदार्थों के आसक्ति के कारण हो रही हानियों से सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि नशे के कारण न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, अपितु सामाजिक सौहार्द की भावना में गिरावट आती है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा कोई भी हो वह हानिकारक ही होता है। नशे के आदी व्यक्ति में चिंतन और सद्विचार समाप्त हो जाते हैं। व्यक्ति का विवेक मर जाता है। बुद्धि कौशल और स्मरण शक्ति का ह्रास होता है। कार्यक्रम में अनेक अभिभावकों के साथ शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सोमा घटक ने किया।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में नये कुलपति की पहली आधिकारिक बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के नये प्रभारी कुलपति अंजनी कुमार मिश्रा ने विश्वविद्यालय में अपनी पहली आधिकारिक बैठक सह संवाद किया। इस बैठक में उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कुलपति अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों में एकरूपता लाने की है। इसके लिए उन्होंने नामांकन प्रणाली में पारदर्शिता, परीक्षा पद्धति का सरलीकरण, वर्ग सारणी में एकरूपता और पुस्तकालय को अद्यतन बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी अनिवार्य बनाए जाने पर बल दिया। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि अनुशासित रहकर ही सारे लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्रावास की भी आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने की बात कही। कुलपति ने कहा कि अकादमिक श्रेष्ठता की प्राप्ति संसाधनों की उपलब्धता और उसके सभी उपयोग के द्वारा ही हासिल की जा सकती है।

### थोक वस्त्र विक्रेता संघ में ट्रेड लाइसेंस नवीकरण के लिए लगा कैंप



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के मैकी रोड, रांची स्थित कार्यालय में गुरुवार को संघ के सदस्यों के लिए रांची नगर निगम के सहयोग द्वारा टैक्स कलेक्टर उदय कुमार और विनय कुमार की उपस्थिति में ट्रेड लाइसेंस नवीकरण एवं नये आवेदन हेतु कैंप लगाया गया। संघ के मानद सचिव हैप्पी किंगर ने बताया कैंप में संघ के 25 से ज्यादा सदस्यों ने लाइसेंस नवीकरण और आवेदन की प्रक्रिया को साझा किया। कई सदस्यों ने नई लाइसेंस के लिए आवेदन भी दिया। किंगर ने बताया सदस्यों के आग्रह पर एक जगह संघ कार्यालय में ट्रेड लाइसेंस नवीकरण की व्यवस्था रखी गयी थी। कैंप में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष उमाशंकर कनोड़िया, उपाध्यक्ष महेश बजाज, अमर चंद बेगानी कोषाध्यक्ष सौरव कटारुका, पूर्व सचिव प्रमोद सारस्वत उपस्थित थे।

### झारखंड में घुसपैठ के लिए भाजपा जिम्मेवार: लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अपने विवादित बयान से हमेशा सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। अब तो उन्होंने हद ही कर दी, क्या भारत गणराज्य का राज्य झारखंड गुलाम है जो उसे आजाद करने की जरूरत है ।दरअसल बांग्लादेशी घुसपैठ भाजपा का एजेंडा है जिस पर भाजपा के नेता हमेशा बोलते रहते हैं लेकिन यह नहीं बताते कि झारखंड राज्य का कोई भी सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमा से नहीं लगता है तो घुसपैठ हुआ कैसे ? शाहदेव ने कहा कि झारखंड में यदि घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा जिम्मेवार है। सीमा की सुरक्षा केंद्र की सरकार को देखना है। जिन राज्यों से घुसपैठ की संभावना है वहां भी भाजपा की सरकार है, इसलिए यदि बांग्लादेश से घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए भाजपा ही जिम्मेवार है। शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जिस आपातकाल पर बोल रहे थे, जिस पार्टी के बैनर पर आपातकाल पर बोल रहे थे, उस पार्टी का जन्म भी आपातकाल के वक्त नहीं हुआ था।

## मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का शुभारंभ

# कृषि मंत्री ने किसानों में बांटे चार करोड़ के कृषि उपकरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड में दो वर्षों के अंतराल के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का शुभारंभ किया। खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने गुरुवार को किसानों के बीच चार करोड़ रुपये राशि के कृषि यंत्र का वितरण किया। इस दौरान 32 किसानों को बड़ा ट्रैक्टर, दी को मिनी ट्रैक्टर, दो को सोलर पंप सेट और 55 को नॉर्मल पंप सेट जैसे आधुनिक कृषि उपकरण सौंपा गया। मौके पर मंत्री ने इसे मुख्यमंत्री की किसान-हितैषी सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि यह योजना किसानों को मजदूर नहीं, बल्कि व्यापारी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि बड़े ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत और मिनी ट्रैक्टर पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि योग्य किसानों को अपने एस्क्रो अकाउंट के माध्यम से अंशदान राशि जमा कर लाभ लेना होगा।

मंत्री ने किसानों को योजना से जुड़े किसी भी फर्जी कॉल या दलालों से सतर्क रहने की अपील की और पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाने पर जोर दिया। मंत्री ने किसानों को विभाग के योजनाओं का लाभ लेने के लिए सजग और जागरूक बनने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान समृद्धि योजना के अब तक 21 सौ लाभुकों को आच्छादित किया जा चुका है, जबकि आठ हजार किसानों को इस योजना का लाभ देना है। इस योजना से खेल की सिंचाई आसानी से हो पा रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस के विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि राज्य में कृषि मंत्री किसानों के हित में काम कर रही हैं। दूध उत्पादन, मछली, गाय वितरण, मुर्गी पालन और बत्तख पालन के क्षेत्र में विभाग अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से बंद योजना की शुरूआत मंत्री ने कर दी है।

कार्यक्रम में भूमि संरक्षण निदेशालय के निदेशक अशोक सम्राट, संयुक्त सचिव रविशंकर विद्यार्थी सहित कई अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

## 64 इंस्पेक्टर बने डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 64 पुलिस इंस्पेक्टरों को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नत कर दिया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गुरुवार की शाम अधिसूचना जारी कर दी गयी। **इनको डीएसपी रैंक में मिली प्रोन्नति :** राजीव रंजन 2, शंभू प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार, नवल किशोर सिंह, सुधीर प्रसाद साहू, अतिन कुमार, नीरज कुमार सिंह, सुशील कुमार 2, राजेश कुमार, संजय कुमार 2, मुकेश पांडेय, राजकपूर, तरुण कुमार, अखिलेश प्रसाद मंडल, सहदेव प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, प्रवीण कुमार, उज्जवल कुमार शाह, विजय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार सिंह, विजयेता, दयानंद कुमार, उमेश प्रसाद सिंह, राजेश प्रकाश, श्यामानंद मंडल, राजीव कुमार वीर, कुमुद सिन्हा, अजय कुमार साहू, राम अनूप महतो, राकेश कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, अजय कुमार, तुलेश्वर कुशवाहा, लिलेश्वर महतो, रूपेंद्र राणा, मनोज कुमार, सरोज कुमार सिंह, रामबाबू मंडल, ऋषि द्विवेदी, ज्योत्सना, विनय मंडल, महेश्वर रंजन, अजय कुमार, सुधीर प्रसाद, अजय प्रसाद, मनोज कुमार, एजाजुल हसन सिद्दीकी, राजेश कुमार सिंह, मोहम्मद कमाल खान, सुरेश प्रसाद, मनोज कुमार 3, मंटू कुमार, शैलेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, हरेंद्र कुमार राय, समीर सिंह, हरि प्रसाद साह, अक्षय कुमार राम और प्रमोद कुमार और विनोद उरांव के नाम शामिल हैं।

## लक्ष्य पाने के लिए लगन के साथ करें अध्ययन: डॉ बीरेंद्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण सभी 81 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर जया मुंडा (93.2%) सहित सभी विद्यार्थियों को मुंह मीठा करा कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम सोपान है, जिसको पार कर लेने के बाद विद्यार्थियों के जीवन में कई मार्ग प्रशस्त हो पता है। मैट्रिक के बाद के 5 वर्ष विद्यार्थियों को जीवन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विशेष समय होता है। डॉ साहू ने कहा आधुनिक युग में हमें मोबाइल सहित कई जीवनोपयोगी वस्तुएं हमें ललचाती रहती है, यदि इसे परख कर हम उपयोग करेंगे तो जीवन में कष्ट नहीं होगा। कार्यक्रम में शिव प्रसाद साहू, सुजीत उपाध्याय, उर्मिला केरकेट्टा, मनीष साहू, नीतीश साहू, बालचंद उरांव, राकेशचंद्र झा, विजय उरांव, सुनीता मुंडा, रामकिशवर साहू, सुनीता कच्छप, चंदन सिंह, अनु देवी सहित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## ओबीसी कथावाचक का बाल मुड़वाना अमानवीय और हिंदू धर्म को चोट पहुंचानेवाला: राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। इटवा के दादरपुर में यादव समाज के कथावाचक मुटुक मणि यादव और नेत्रहीन ढोलक वादक श्याम कठेरिया के साथ कुछ जाति विशेष लोगों के द्वारा मार-पीट करने की घटना की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने घोर निंदा की है। प्रसाद ने कहा कि यह घटना अमानवीय है और समाज को बांटने एवं हिंदू धर्म पर चोट पहुंचाने वाला बताया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 21वीं शताब्दी में भी ऐसे मानसिकता वाले लोगों के कारण पूरा देश शर्मसार हो रहा है। प्रसाद ने कहा कि कथावाचक ब्राह्मण नहीं है तो उनका बाल मुंडवा जायेगा। कहा समाज के हर वर्गों को इस घटना का निंदा करना चाहिए। जाति देख कर संवेदनशील नहीं दिखाना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि इस घटना की हर सरकार को घोर निंदा करना चाहिए। प्रसाद ने कहा की यह घटना इंसानियत को तार-तार करने वाली है कहा भगवान राम ने शबरी का झूठे बेर जाति देकर खाया था क्या? राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह दो कथावाचक की बेज्जती नहीं है देश की बेज्जती है। कहा जब लोग जाति देखकर संवेदनशील बनते हैं तब हमारे देश को चोट पहुंचती है और धर्म को भी खोखला करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त-शत कार्रवाई करने की जरूरत बतायी है।

## टीम जितेंद्र किंडो महागामा, दुमका साहिबगंज पहुंचे और समर्थन मांगा



रांची /दुमका (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन में चुनाव 5 से 9 जुलाई तक धनबाद में होगा। महाधिवेशन में एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी का चुनाव भी होना है। इसके मद्देनजर टीम जितेंद्र किंडो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार, देवचंद मुंडा संगठन महामंत्री के उम्मीदवार, गुलाबचंद महतो कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार और विनोद पांडेय महामंत्री पद के उम्मीदवार अपनी टीम के साथ समर्थन मांगने राज्यव्यापी दौरा पर निकले है। टीम जितेंद्र किंडो अपने सदस्यों के साथ पहले देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन एवं जैप-5 शाखा के साथ बैठक कर अपनी टीम के पक्ष में समर्थन मांगा। फिर बुधवार को महागामा, दुमका, साहिबगंज में संगठन के साथी और डेलिगेट्स के साथ बैठक की।

## बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में मनचलों नशेड़ियों से परेशान, एक धराया



रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू हाउसिंग कॉलोनी एवं यूनिवर्सिटी कॉलोनी के लोग मनचलों से परेशान हैं। इनके कारण कॉलोनी की लड़कियां और महिलाओं का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। खास कर कॉलोनी में पीजी गर्ल्स हॉस्टल के सामनेवाले पार्क के पास। बीती बुधवार की शाम भी कॉलोनी में जम कर हंगामा हुआ। कॉलोनी की एक बच्ची का पीछा करते हुए एक युवक बूटी मोड़ तक पहुंच गया। फिर जब लड़की ऑटो से लौटने लगी, तो उसके पीछे-पीछे कॉलोनी तक चला आया। यहां पार्क के निकट उसने लड़की को रोक कर छेड़खानी की और उसका नंबर मांगा। यह देख लड़की डर गयी और उसने अपने घर पर फोन लगा दिया। तब उसके घर से कुछ लोग आये, तब तक कॉलोनी के भी लोग वहां जुट गये। जब लड़के से पूछताछ की गयी, उसने बताया कि वह उसका नाम हनीफ है और वह बड़गांई का रहनेवाला है। इसके बाद वह स्थानीय लोगों से लड़ने भिड़ने लगा। इस क्रम में स्थानीय लोगों ने जमकर उसकी पिटाई की, फिर उसे बरियातू थाना को सौंप दिया। पुलिस उसे थाना ले गयी। यह कॉलोनी में कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां इस तरह की घटनाएं होती रही हैं। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी कहीं नहीं दिखती।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Sl.No.805 date 26.06.2025, ISHIWADHAR THAKUR is legitimate father of No. 12994286W, Rank NK/CC Name MANISH KUMAR THAKUR, residing at Jorar VillageP.S. Namkum, Dist.Ranchi, Jharkhand do hereby solemnly affirmed and declare as follows:
1. That I have change my name from SHIWADHAR THAKUR to SHIVADHAR THAKUR, and also my date of birth from 16.02.1956 to 08.01.1958.
sworn and signed on 26th June 2025 at Ranchi.



**दक्षिण पूर्व रेलवे - ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं तथा निविदा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या: 1। निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-411, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** एसएसई/ डब्ल्यू/उत्तर/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के नियंत्रण के अधीन गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स, दक्षिण पूर्व रेलवे की नॉर्थ कॉलोनी आवासीय इमारतों में 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.07.2025 से 30.06.2026 और 01.07.2026 से 30.06.2027 तक (क) नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्तन और बदलाव, विशेष मरम्मत कार्य और निर्माण सामग्री की आपूर्ति, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रुपये 5,00,000 (रुपये पांच लाख) से अधिक न हो और (ख) सभी सामान्य मरम्मत और रखरखाव कार्य और सामग्रियों का परिवहन के सम्पादन के लिए क्षेत्रीय कार्य। **निविदा मूल्य : ₹ 4,57,13,383.08। बयाना राशि: ₹ 3,78,600। क्रम संख्या: 2। निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-409, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/सर्विस/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के नियंत्रण के अधीन गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स, दक्षिण पूर्व रेलवे की नॉर्थ कॉलोनी सेवा इमारतों तथा सेंट्रल हॉस्पिटल में 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.07.2025 से 30.06.2026 और 01.07.2026 से 30.06.2027 तक (क) नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्तन और बदलाव, विशेष मरम्मत कार्य और निर्माण सामग्री की आपूर्ति, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रुपये 5,00,000 (रुपये पांच लाख) से अधिक न हो और (ख) सभी सामान्य मरम्मत और रखरखाव कार्य और सामग्रियों का परिवहन के सम्पादन के लिए क्षेत्रीय कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 3,58,39,273.58। बयाना राशि: ₹ 3,29,200। क्रम संख्या: 3। निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-412, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/दक्षिण/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के नियंत्रण के अधीन कोलकाता क्षेत्र के अंदर कोयलाघाट तथा अन्य सिटी बुकिंग ऑफिस सहित गार्डन रीच सेटलमेंट, दक्षिण पूर्व रेलवे के साउथ कॉम्प्लेक्स में 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.07.2025 से 30.06.2026 और 01.07.2026 से 30.06.2027 तक (क) नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्तन और बदलाव, विशेष मरम्मत कार्य और निर्माण सामग्री की आपूर्ति, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रुपये 5,00,000 (रुपये पांच लाख) से अधिक न हो और (ख) सभी सामान्य मरम्मत और रखरखाव कार्य और सामग्रियों का परिवहन के सम्पादन के लिए क्षेत्रीय कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 3,33,22,445। बयाना राशि: ₹ 3,16,600। क्रम संख्या: 4। निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-413, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के नियंत्रण के अधीन गार्डन रीच सेटलमेंट, दक्षिण पूर्व रेलवे की नॉर्थ कॉलोनी के खंड में 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.07.2025 से 30.06.2026 और 01.07.2026 से 30.06.2027 तक (क) नए कार्य, मौजूदा स्वच्छता प्रणाली और जल आपूर्ति प्रणाली में परिवर्तन और बदलाव, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रुपये 5,00,000 (रुपये पांच लाख) से अधिक न हो और (ख) सभी साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य, सामग्रियों की आपूर्ति तथा रखरखाव कार्य और सामग्रियों का परिवहन के सम्पादन के लिए क्षेत्रीय कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 2,09,72,959.18। बयाना राशि: ₹ 2,54,900। क्रम संख्या: 5। निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-410, दिनांक: 25.06.2025। कार्य का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के नियंत्रण के अधीन कोलकाता क्षेत्र के अंदर कोयलाघाट तथा अन्य सिटी बुकिंग ऑफिस सहित गार्डन रीच सेटलमेंट, दक्षिण पूर्व रेलवे के साउथ कॉम्प्लेक्स में 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए यानी 01.07.2025 से 30.06.2026 और 01.07.2026 से 30.06.2027 तक (क) नए कार्य, मौजूदा स्वच्छता प्रणाली एवं जल आपूर्ति प्रणाली में परिवर्तन और बदलाव, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रुपये 5,00,000 (रुपये पांच लाख) से अधिक न हो और (ख) सभी साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य, सामग्रियों की आपूर्ति तथा रखरखाव कार्य और सामग्रियों का परिवहन के सम्पादन के लिए क्षेत्रीय कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 1,73,37,371.40। बयाना राशि: ₹ 2,36,700। निविदा दस्तावेजों की लागत: ₹ 0** (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 25.07.2025 (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 30.06.2027 (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। निविदा अनुसूची, संशोधनी, शुद्धि पत्र में कोई भी परिवर्तन, यदि कोई हो, सिर्फ ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगी तथा उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र. :** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिलिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नंबर 033-2450-3783।
(PR-318)



E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD, RANCHI**

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 816 Date:26.06.2025

FORM A

BALANCE SHEET AS ON 31ST MARCH' 2025

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
|---|---|---|---|
| **CAPITAL & LIABILITIES** | | | |
| Capital & Grants | 1 | 1,63,09,07,222.51 | 1,62,94,98,572.51 |
| Reserves & Surplus | 2 | 75,19,40,086.00 | 61,28,00,886.35 |
| Deposits | 3 | 26,24,61,26,034.44 | 23,62,40,65,450.38 |
| Borrowings | 4 | 8,78,97,42,249.57 | 8,70,07,89,894.57 |
| Other Liabilties & Provisions | 5 | 3,89,00,52,468.27 | 3,65,90,95,107.70 |
| | TOTAL | 41,30,87,68,060.79 | 38,22,62,49,911.51 |
| **ASSETS** | | | |
| Cash & Balances with RBI | 6 | 16,74,53,167.06 | 14,65,09,711.69 |
| Balance with Banks & Money at call & short notice | 7 | 16,18,20,41,069.13 | 13,26,67,54,437.89 |
| Investments | 8 | 10,62,57,03,762.35 | 10,95,49,18,395.35 |
| Advances | 9 | 11,41,38,99,428.15 | 11,11,12,49,878.37 |
| Fixed Assets | 10 | 43,58,78,701.48 | 42,59,10,771.82 |
| Other Assets | 11 | 2,48,37,91,932.62 | 2,32,09,06,716.39 |
| | TOTAL | 41,30,87,68,060.79 | 38,22,62,49,911.51 |
| Contingent Liabilities | 12 | 13,83,61,112.13 | 10,28,13,471.39 |
| Off Balance Sheet Item | 17 | 43,14,12,718.11 | 43,14,12,718.11 |
| **FORM-B** | | | |
| **FORM OF PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH' 2025** | | | |
| **INCOME** | | | |
| Interest Earned | 13 | 2,72,37,75,163.97 | 2,43,37,12,970.11 |
| Other Income | 14 | 9,87,22,336.76 | 9,52,19,589.31 |
| | TOTAL | 2,82,24,97,500.73 | 2,52,89,32,559.42 |
| **EXPENDITURE** | | | |
| Interest Expended | 15 | 1,57,98,00,120.81 | 1,31,70,14,745.74 |
| Operating Expenses | 16 | 54,50,08,672.31 | 48,62,31,531.15 |
| Provisions & Contingencies | | 5,58,99,835.05 | 5,88,22,179.46 |
| | TOTAL | 2,18,07,08,628.17 | 1,86,20,68,456.35 |
| **PROFIT/LOSS ( I -II )** | | | |
| **Net Profit /Loss for the year** | | 64,17,88,872.56 | 66,68,64,103.07 |
| **PROVISION FOR TAXATION** | | | |
| **Provision for Current Year Taxation** | | 28,24,58,071.96 | - |
| **PROFIT /LOSS AFTER TAXATION (III - IV)** | | 35,93,30,800.60 | 66,68,64,103.07 |
| **PROFIT/LOSS BROUGHT FORWARD OF THE PREVIOUS YEAR** | | (22,09,11,400.95) | (88,77,75,504.02) |
| **PROFIT AFTER TAXATION (V-VI)** | | 13,84,19,399.65 | (22,09,11,400.95) |

In terms of our even date attached to the balance sheet for D. N. Dokania & Associates

Sd/- Anup Tigga (A.M. Accounts)
Sd/- S.K.Dhiraj (Manager Accounts & Audit)
Sd/- Dilip Kumar (Manager Credit)
Sd/- Sanjay Kumar Singh (C.E.O.)
Sd/- Smt Bibha Singh (Chairperson)
Sd/- CA.Mantosh Kumar Singh MN: 429420 FRN: 050042C

# सबसे बड़ा अधिकार

उत्तराखंड हाइकोर्ट का फैसला कि अतिक्रमित भूमि पर रहने की वजह से किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता- भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को दोहराता है। वोटिंग का अधिकार संविधान की ओर से दिया गया है और इसका आधार जमीन का टुकड़ा नहीं हो सकता। न यह अधिकार इतना कमजोर है कि इसे किसी सरकारी फरमान से छीना जा सके।

**आदेश को चुनौती:** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के कुछ लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी, जंगल या किसी और जमीन पर अतिक्रमण कर-के रहने वालों को पंचायत चुनावों में मतदान करने या इलेक्शन लड़ने से वंचित किया जायेगा। हाइकोर्ट ने इस पर साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार सुरक्षित है और न्यायपालिका या सरकार कोई भी इसे वापस नहीं ले सकता।

**खतरनाक मिसाल :** राज्य सरकार का यह आदेश अगर लागू हो जाता, तो एक खतरनाक मिसाल बन सकता था। देश के कई हिस्सों में आज भी लाखों लोग ऐसी जमीनों पर रह रहे हैं, जिनका स्वामित्व स्पष्ट नहीं है, खासतौर पर शहरों के बीच बसी झुग्गियों, गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में। देश में वैसे भी जमीन से जुड़े मुकदमे बरसों तक चलने के लिए बदनाम हैं। कई मामलों में पीढ़ियां बदल गयी और फैसला नहीं आया। लेकिन, इसका यह मतलब नहीं है कि इन्हें अतिक्रमणकारी बताकर इनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया जाये।

**वोटिंग का अधिकार संविधान की ओर से दिया गया है और इसका आधार जमीन का टुकड़ा नहीं हो सकता। न यह अधिकार इतना कमजोर है कि इसे किसी सरकारी फरमान से छीना जा सके।**

**हर अंदेशा दूर हुआ :** लोकतंत्र में मताधिकार केवल चुनावी प्रक्रिया का एक अंग नहीं है। इसी से भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है। संविधान ने देश के लोगों को यह अधिकार दिया है जब अनुच्छेद 326 के ड्राफ्ट आर्टिकल को शामिल किया जा रहा था, तब भी इस पर आपत्ति उठायी गयी थी। एक सदस्य ने वयस्क मताधिकार का विरोध करते हुए अंदेशा जताया था कि अगर मतदाता जागरूक और शिक्षित न हुआ, तो संसदीय लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। हालांकि वक्त ने इस अंदेशे को हवा में उड़ा दिया।

**मजबूत भरोसा:** हर नागरिक, जो निर्धारित आयु पूरी कर चुका हो और कुछ विशेष आधारों पर अयोग्य न हो, उसे मतदाता बनने का अधिकार है। शुरुआत में यह आयु 21 वर्ष थी, जिसे 61वें संविधान संशोधन के जरिये घटाकर 18 वर्ष किया गया। इसका मतलब कि देश का अपने लोगों पर यकीन और पक्का हुआ। जमीन से जुड़े विवाद को लेकर इस यकीन को तोड़ा नहीं जा सकता। हां, अतिक्रमण बड़ी समस्या है, पर उससे निपटने का तरीका वह नहीं, जो उत्तराखंड सरकार ने खोजा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**रांची का जगन्नाथ मंदिर, जिसे 1691 में नागवंशी राजा ठाकुर एनी नाथ शाहदेव ने बनवाया था, पुरी के जगन्नाथ मंदिर की छोटी प्रतिकृति के रूप में स्थापित किया गया था। यह मंदिर लगभग 80-90 मीटर ऊंची एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है, जिससे रांची शहर का मनोरम दृश्य दिखायी देता है। मंदिर की स्थापना के साथ ही रथ यात्रा की परंपरा शुरू हुई। यह मंदिर रांची के अलबर्ट एक्का चौक से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है और 328 साल से भी अधिक समय से आस्था का केंद्र रहा है।**

# रांची में जगन्नाथ रथ यात्रा आस्था, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता का अनूठा संगम है



विजय शंकर नायक



रांची का जगन्नाथ रथ यात्रा एक ऐसा धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जो न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि झारखंड की समृद्ध परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यह यात्रा पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर आयोजित की जाती है और रांची के जगन्नाथपुर मंदिर से शुरू होती है। इस लेख में हम रांची की जगन्नाथ रथ यात्रा के अनछुए पहलुओं को विस्तार से जानेंगे, जिसमें इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक समावेशिता, सांस्कृतिक महत्व, और कुछ अनदेखे तथ्यों को शामिल किया जायेगा।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :** रांची का जगन्नाथ मंदिर, जिसे 1691 में नागवंशी राजा ठाकुर एनी नाथ शाहदेव ने बनवाया था, पुरी के जगन्नाथ मंदिर की छोटी प्रतिकृति के रूप में स्थापित किया गया था। यह मंदिर लगभग 80-90 मीटर ऊंची एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है, जिससे रांची शहर का मनोरम दृश्य दिखायी देता है। मंदिर की स्थापना के साथ ही रथ यात्रा की परंपरा शुरू हुई। यह मंदिर रांची के अलबर्ट एक्का चौक से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित है और 328 साल से भी अधिक समय से आस्था का केंद्र रहा है। इस मंदिर की रथ यात्रा की परंपरा भी उतनी ही प्राचीन है, जो पिछले तीन शताब्दियों से निरंतर चली आ रही है।

**रथ यात्रा का आयोजन हर साल आषाढ़ मास (जून-जुलाई) में होता है।**

रथ यात्रा का आयोजन हर साल आषाढ़ मास (जून-जुलाई) में होता है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलराम और बहन सुभद्रा के विग्रहों को रथों पर सजाकर मंदिर से मौसीबाड़ी तक ले जाया जाता है। यह यात्रा नौ दिनों तक चलती है, जिसमें भक्त रथ खींचते हैं और भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं।

**अनछुए पह परंपराएं और सामाजिक समावेशिता :** रांची की रथ यात्रा की सबसे खास बात इसका सर्वधर्म समभाव है। ठाकुर एनी नाथ शाहदेव ने इस उत्सव को सभी जातियों और धर्मों के लोगों को जोड़ने का माध्यम बनाया था। यह परंपरा आज भी जीवित है, और यात्रा में विभिन्न समुदायों का योगदान देखने को मिलता है। **कुछ अनछुए पहलू इस प्रकार हैं :** सर्वधर्म सहभागिताः ऐतिहासिक रूप से, रथ यात्रा में विभिन्न समुदायों की भागीदारी रही है। उदाहरण के लिए, घासी समुदाय फूलों की व्यवस्था करता था, उरांव समुदाय घंटियां प्रदान करता था, और मुस्लिम समुदाय मंदिर की पहरेदारी करता था। इसके अलावा, राजवर समुदाय रथ को सजाने में, कुम्हार मिट्टी के बर्तन देने में, और बढ़ई व लोहार रथ निर्माण में योगदान देते थे। यह सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण है, जो आज के समय में भी प्रासंगिक है।

**ब्रिटिश काल में चुनौतियां:** 1857 की क्रांति के दौरान, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह किया था, जिसके परिणामस्वरूप मंदिर की 84 में से तीन गाँवों की जमीन ब्रिटिश सरकार ने जब्त कर ली थी। हालांकि, मंदिर के मुख्य पुजारी बैकुंठ नाथ तिवारी की अपील पर ब्रिटिश सरकार ने जगन्नाथपुर गांव की 859 एकड़ जमीन मंदिर को वापस कर दी थी। वर्तमान में मंदिर के पास केवल 41 एकड़ जमीन बची है, जो इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है।

**महिलाओं की भूमिका:** रथ यात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। जहाँ पुरी की रथ यात्रा में कुछ परंपराएँ पुरुष-प्रधान हैं, वहीं रांची में महिलाएँ भी रथ खींचने और पूजा-अर्चना में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। यह समावेशी दृष्टिकोण इस उत्सव को और भी खास बनाता है।

**सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व :** रांची की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यह उत्सव स्थानीय कला, शिल्प, और परंपराओं को बढ़ावा देता है। रथ की जटिल नक्काशी और रंग-बिरंगे पत्थरों से सजा मंदिर वास्तुकला का अनूठा नमूना है।

**रथ निर्माण :** रथ का निर्माण स्थानीय कारीगरों द्वारा किया जाता है, जो लकड़ी और धातु का उपयोग करके इसे भव्य रूप देते हैं। रथ की सजावट में पारंपरिक चित्रकारी और शिल्पकारी की झलक देखने को मिलती है।

**संगीत और नृत्य :** यात्रा के दौरान भक्ति भजनों, ढोल-नगाड़ों, और स्थानीय लोक नृत्यों का आयोजन होता है, जो उत्सव को और रंगीन बनाता है।

**मौसीबाड़ी की परंपरा :** नौ दिनों तक भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी में विराजमान रहते हैं, जो पुरी की परंपरा का अनुसरण करता है। इस दौरान भक्तों के बीच भोजन वितरण और सामुदायिक समारोह आयोजित किये जाते हैं।

**रथ यात्रा का इतिहास :** जगन्नाथ रथ यात्रा की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है, और इसका उल्लेख स्कंद पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। रांची में इसकी शुरुआत नागवंशी राजाओं के शासनकाल में हुई। माना जाता है कि नागवंशी राजा भगवान जगन्नाथ के भक्त थे और उन्होंने पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर रांची में इस मंदिर और रथ यात्रा की शुरुआत की। यह मंदिर और रथ यात्रा स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ वैष्णव धर्म की गहरी छाप को दर्शाते हैं। रांची में रथ यात्रा की विशेषता यह है कि यह न केवल हिंदू धर्मावलंबियों को आकर्षित करती है, बल्कि स्थानीय आदिवासी समुदाय, जैसे मुंडा और उरांव, भी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। यह उत्सव विभिन्न समुदायों के बीच एकता और समन्वय का प्रतीक है।

**यात्रा का मार्ग :** रथ यात्रा जगन्नाथपुर मंदिर से शुरू होकर पास में स्थित मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) तक जाती है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम करते हैं, जिसके बाद बाहुड़ा यात्रा के दौरान वे वापस मुख्य मंदिर लौटते हैं।

**पौराणिक महत्व :** जगन्नाथ रथ यात्रा का पौराणिक महत्व हिंदू धर्म में गहराई से निहित है। भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, और उनकी रथ यात्रा भक्तों को उनके दर्शन का दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। स्कंद पुराण के अनुसार, रथ यात्रा में शामिल होने, भगवान के नाम का कीर्तन करने, या रथ को खींचने से भक्तों के पाप नष्ट होते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**प्रमुख पौराणिक कथाएं- सुभद्रा की इच्छा:** एक कथा के अनुसार, देवी सुभद्रा ने नगर भ्रमण की इच्छा व्यक्त की थी। इस इच्छा को पूरा करने के लिए भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान वे अपनी मौसी के घर (गुंडिचा मंदिर) जाते हैं, जहां सात दिनों तक विश्राम करते हैं। यह परंपरा रथ यात्रा का आधार बनी।

रांची में रथ यात्रा न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह उत्सव विभिन्न समुदायों को एक मंच पर लाता है, जिसमें हिंदू, आदिवासी, और अन्य धर्मों के लोग शामिल होते हैं। रांची की सांस्कृतिक विविधता, जिसमें मुंडारी, नागपुरी, और उरांव जैसी भाषाएं और डोकरा कला जैसी परंपराएं शामिल हैं, इस उत्सव में झलकती है। रथ यात्रा के दौरान आयोजित मेला स्थानीय कला, संस्कृति, और व्यंजनों को बढ़ावा देता है। यह उत्सव रांची के लोगों के लिए एकता, भक्ति और उत्साह का प्रतीक है। रथ यात्रा का पौराणिक महत्व, जैसे पापों का नाश, मोक्ष की प्राप्ति, और आत्मा-परमात्मा के मिलन का प्रतीक, इसे और भी खास बनाता है।

रांची में यह उत्सव हर साल लाखों लोगों को एक साथ लाता है, जो भगवान जगन्नाथ के दर्शन और रथ खींचने के पुण्य कार्य में भाग लेते हैं। यह उत्सव रांची की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को और भी मजबूत करता है।

**(लेखक : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# लोयोला स्कूल के योगा जोनल मीट में18 विद्यालयों के 250 छात्र-छात्रा हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के टेल्को स्थित लोयोला स्कूल में दो दिवसीय सीआईएससीई योगा जोनल मीट उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।गुरुवार को योग,अनुशासन और समग्र कल्याण को समर्पित प्रतियोगिता में शहर के 18 विद्यालयों से लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों (बालिका और बालक) में विभाजित किया गया था। पहले दिन (बुधवार) को छात्राओं ने अपनी अनुशासनशीलता, लचीलापन और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया।उनके द्वारा विभिन्न योगासनों की प्रस्तुती अत्यंत प्रभावशाली रहीं और दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। वही दूसरे दिन गुरुवार को मंच बालकों के नाम रहा। जिन्होंने अद्भुत शक्ति, संतुलन और एकाग्रता का परिचय देते हुए योग के प्रति अपनी निष्ठा का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतिभागी ने पूरे जोश और समर्पण से भाग लिया,जिससे आयोजन का स्तर पूरे दिन ऊँचा बना रहा।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन एक विशेष निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। जिसमे पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन खेल संघ के सचिव और झारखंड राज्य योगासन खेल संघ के संयुक्त सचिव मलॉय कुमार डे, राष्ट्रीय स्तर की निर्णायक एवं जिला संघ की संयुक्त सचिव प्रज्ञा परमिता चक्रवर्ती शामिल रहे। दोनों निर्णायकों की निष्पक्ष और सूक्ष्म मूल्यांकन प्रक्रिया ने प्रतियोगिता को पारदर्शी और न्यायोचित बनाया। मौके पर प्रधानाचार्या चरणजीत ओसन, प्रशासक फादर जेरी डिसूजा, समन्वयक रेशमा रोड्रिग्स और जीनत मारिया सुंडी ने आयोजन में दिशा और गति प्रदान की। लोयोला स्कूल की प्रबंधन टीम के दृढ़ नेतृत्व, रणनीतिक योजना और समन्वय कार्यक्रम की सफलता का श्रेय है। साथ ही योग प्रशिक्षिका नीतू, खेल शिक्षिका सुप्रिया करण,शिक्षक कार्तिक महतो और अजहर खान ने भी प्रतियोगिता की सफलता में अहम भूमिका निभायी। उनकी समर्पित सहभागिता और सकारात्मक ऊर्जा ने प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। योग जोनल मीट ने यह स्पष्ट कर दिया योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास बल्कि एक जीवन शैली है।

# झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना राजनीतिक जुमला : अन्नपूर्णा देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय मंत्री व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी सरायकेला पहुंचीं। गुरुवार को आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर सभागार में उन्होंने कांग्रेस और झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला। अन्नपूर्णा देवी ने कहा 25 जून 1975 लोकतंत्र के इतिहास की काली रात थी। जब कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा। उन्होंने झारखंड सरकार की मैया सम्मान योजना को राजनीतिक जुमला बताया और भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार और युवाओं की बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, भाजपा नेता जटाशंकर पांडे, रमेश हासदा, रितिका मुखी समेत अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# सरायकेला में यूनिफाइड कमांड समिति की बैठक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** जिले के डीसी नितिश कुमार सिंह और एसपी मुकेश कुमार लूणायत की संयुक्त अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। गुरुवार को बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति पर समीक्षा की गयी। साथ ही समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये। डीसी ने बीडीओ और सीओ को नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत, संचार, पेयजल, स्वास्थ्य, बैंकिंग और टीकाकरण से जुड़ी सेवाओं में तेजी से सुदृढ़ करने पर बल दिया।कुचाई प्रखंड सीमा क्षेत्रों और सुदूरवर्ती गांवों में पेयजल व्यवस्था, मोबाइल नेटवर्क टावर सक्रिय करने, स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने और मलेरिया रोधी टीकाकरण अभियान चलाने पर चर्चा हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, एसडीओ निवेदिता नियति, सहित सभी प्रखंडों के बीडीओ/ सीओ और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम सभा सशक्तिकरण के लिए स्थायी समितियों को मिला प्रशिक्षण




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था 'युवा' द्वारा तेंतला पंचायत भवन में स्थायी समितियों की भूमिका, कर्तव्यों और अधिकारों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम में ग्राम सभा को सशक्त बनाने और ग्राम स्तर की स्थायी समितियों को जागरूक करने पर बल दिया गया। परियोजना समन्वयक घासीराम हेमब्रम ने स्वागत भाषण में स्थायी समितियों की सक्रिय भागीदारी को गांव के विकास की रीढ़ बताया। प्रशिक्षण में आठ प्रमुख समितियों की जिम्मेदारियों, कार्ययोजना, निगरानी,मूल्यांकन और दस्तावेजीकरण से जुड़ी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शिवराम सोरेन, दीपान्तरी सरदार, खेलाराम मार्डी, अरूप मंडल और कापरा मांझी की सराहनीय भूमिका रही।

# देशभर में टॉप रैंक लाने वाली छात्रा का सम्मान आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के मेधावी छात्रा शांभवी जायसवाल ने आइसीएससी 2025 के 10वीं बोर्ड परीक्षा में देशभर में टॉप रेंक लाकर झारखंड राज्य का मान बढ़ाया है। शांभवी को सभी विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए जो एक अद्वितीय उपलब्धि है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे जमशेदपुर परिसदन में स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जायेगा।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह, टॉप 10 छात्र-छात्रा सम्मानित



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौरा में मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं के लिए सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अथिति विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने अपने हाथों से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। श्री कालिंदी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यह सम्मान सफलता की शुरुआत है मंज़िल नहीं। निरंतर मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान भी चलाया गया। जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्त समाज के लिए अपील की गयी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, थाना प्रभारी करम पाल भगत, सुभाष कर्मकार, डॉ समीर कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## एनएमएल में बीटीटीडी-2025 का समापन

# संगोष्ठी में 150 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, टाटा स्टील लिमिटेड और एनआईटी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में बिहाइंड द टीचर्स डेस्क का 14वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गुरुवार को भारतीय धातु संस्थान जमशेदपुर चैप्टर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न अभियांत्रिकी संस्थानों के 150 से अधिक छात्रों और वक्ताओं ने भाग लिया। 12 तकनीकी सत्रों में कुल 78 शोध-पत्र प्रस्तुत किये गये, जो धातु विज्ञान और पदार्थ विज्ञान के विविध पहलुओं पर आधारित रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन टाटा स्टील की कॉर्पोरेट एचआर प्रमुख सुश्री दीबा अहमद ने प्रेरणादायक मुख्य व्याख्यान दिया। उन्होंने एचआर, आत्मविकास और विद्यार्थियों की तैयारी जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता डॉ एएन भगत ने की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक जेएएमआइपीओएल स्वस्तिका बसु का मुख्य वैज्ञानिक डॉ वीसी श्रीवास्तव ने स्वागत करते हुए संगोष्ठी की उपलब्धियां साझा कीं। सुश्री बसु ने कार्यक्रम के समग्र प्रारूप की सराहना करते हुए इसे युवा धातुकर्मविदों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस दौरान प्रमुख धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी विभाग एनआईटी जमशेदपुर प्रो अशोक कुमार द्वारा एक विशेष फीडबैक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उपयोगी सुझाव साझा किये। पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर एनआईटी जमशेदपुर बीके सिंह को शिक्षा और आइआइएम समुदाय में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ प्रेमकुमार, डॉ पौलमी माजी और मनीष भादू ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी की सफलता पर प्रसन्नता जतायी।

## वज्रपात से मृत लोगों का नहीं आया पोस्टमार्टम रिपोर्ट एसडीओ से लगायी गुहार

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड में बीते 19 मई को वज्रपात से एक छात्र सहित तीन लोगों की हुई मृत्यु के एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आने की वजह से परिजनों को सरकार से मिलने वाला अनुग्रह राशि नहीं मिल पा रहा है। इस मामले में मेराल के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने गढ़वा सदर एसडीओ को आवेदन देकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट मेराल भेजवाने की गुहार लगाई है। बता दें कि वज्रपात की घटना में डॉ लालमोहन का एकलौता पुत्र तरुण कुमार देव का निधन हो गया था, उसी दिन रेजो तथा लखेया के भी एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी थी। घटना के एक माह एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आने पर परिजनों को इसके लिए एसडीओ से गुहार लगानी पड़ रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस प्रक्रिया में कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है।

# उपायुक्त ने जिले के कई अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर नाराजगी जतायी

## निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में कई अनियमिततायें मिलीं

आजााद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने गुरूवार को ओपीडी समय समाप्ति के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेराल, रमना एवं अनुमंडलीय अस्पताल, नगर ऊंटरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में कई अनियमितताएं पायी गईं, जिस पर उपायुक्त ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कई चिकित्सा पदाधिकारी विभागीय निर्देश के बावजूद एप्रोन (डॉक्टरी ड्रेस) में उपस्थित नहीं थे। साथ ही किसी भी संस्थान में चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का ड्यूटी चार्ट (पोस्टिंग रोस्टर) प्रदर्शित नहीं था, जिससे मरीजों को असुविधा हो सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेराल, रमना में नियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पुष्कर कुमार गुप्ता बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त द्वारा उनके वेतन भुगतान पर तत्काल रोक लगाने तथा स्पष्टीकरण हेतु पृच्छा पत्र जारी करने का निर्देश दिया गया है।

उपायुक्त श्री यादव ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडलीय अस्पतालों एवं सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों का ड्यूटी चार्ट अनिवार्य रूप से प्रिंट कर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाये। इसके अतिरिक्त, सभी स्वास्थ्यकर्मियों को विभागीय निर्धारित ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और मरीजों की सुविधा को सर्वोपरि रखा जाय।

# विधायक सत्येंद्र नाथ को एसपीडी कॉलेज इकाई ने सौंपा ज्ञापन

**लंबित अनुदान और अन्य मांगों को लेकर महासंघ का चरणबद्ध आंदोलन जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को ज्ञापन सौंपते एसपीडी कॉलेज इकाई के डॉ सत्यदेव पांडेय और प्रो अखिलेश शुक्ल।

गढ़वा। संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई के आह्वान पर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण के तहत एसपीडी कॉलेज (गढ़वा) इकाई द्वारा स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से विधायक से अनुरोध किया गया कि वे विश्वविद्यालय प्रशासन तथा राज्य सरकार से संपर्क स्थापित कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लंबित अनुदान के शीघ्र हस्तांतरण के लिए पहल करें, ताकि महाविद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में आ रही बाधा को दूर किया जा सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ सत्यदेव पांडेय और प्रो अखिलेश शुक्ल प्रमुख रूप से शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते विश्वविद्यालय प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो महासंघ चरणबद्ध आंदोलन को और तेज करेगा।

उल्लेखनीय है कि महासंघ द्वारा इसी क्रम में 28 जून को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर, मेदिनीनगर में एकदिवसीय सांकेतिक धरना भी आयोजित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

# तालाब निर्माण कार्य में अनियमितता के विरुद्ध ग्रामीणों ने उपायुक्त से लिखित शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता



डंडई। डंडई प्रखंड तसरार पंचायत स्थित मदरसा पास हो रहे हैं। तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाये हैं। इस संबंध में पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मुखिया मुनिता देवी, उपमुखिया खुशबुल्लाह अंसारी, वार्ड सदस्य कयामुद्दीन अंसारी, दस्तगीर अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन में कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र में किए जा रहे तलाब सौंदर्यीकरण कार्यों में भारी गड़बड़ी की जा रही है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया है कि इस कार्य के लिए कोई सार्वजनिक विवरण नहीं दिया गया है, और न ही तालाब की गहराई और किनारे की मजबूती पर कोई विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है, और न ही पंचायत समिति की निगरानी हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा मजूदरों से काम न कराकर मशीनों से कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा, ठेकेदार द्वारा जान-बूझकर मॉनसून आने के बाद कार्य आरंभ किया गया है, ताकि रंग-रोगन कर फोटो करके और पैसे का अवैध निकासी किया जा सके। आवेदन में कहा गया है कि अभी तक पांच पर्सेंट धरातल पर कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच करें और कार्य पूरा होने तक पैसे की निकासी पर रोक लगाएं। साथ ही, स्थानीय लोगों को सहभागिता के साथ ही पुनः कार्य आरंभ कराना सुनिश्चित किया जाये, ताकि सरकार की योजना सही ढंग से धरातल पर उतारी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गयी, तो वे ग्रामीणों के उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# एसडीएम ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़कर थाना के हवाले किया



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार दोपहर में शहर से सटे नवादा के मधु टोला में अवैध बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को दौड़ा कर पकड़ा। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि किसी पुलिसकर्मी परिवार का ही यह ट्रैक्टर है जिसमें पिछले दो हफ्ते से अवैध बालू की ढुलाई की जा रही है। एसडीएम ने मौके पर ही सदर अंचल अधिकारी सफी अआलम तथा थाना प्रभारी बृज कुमार को बुलाकर अग्रेतर कार्रवाई हेतु ट्रैक्टर उनके सुपुर्द कर दिया, साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि इस ट्रैक्टर केग मालिक और अवैध बालू परिवहन में संलिप्त लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने के साथ-साथ सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में इस प्रकार से अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने खनन विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को भी फोन पर निर्देशित किया कि दिनदहाड़े इस प्रकार से अवैध बालू परिवहन के मामले देखने में मिल जा रहे हैं ऐसे मामलों पर जिला खनन कार्यालय को गंभीरता से कार्रवाई करनी होगी।

# विधायक कोटा में पारदर्शिता को लेकर निगरानी समिति का गठन हो: धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। झारखंड के गढ़वा जिले में विधायक कोटे की राशि के उपयोग को लेकर अब सवालों का दौर तेज हो गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्षकार सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे के नेतृत्व में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से इस निधि के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्वतंत्र निगरानी समिति की गठन की मांग की है।

धीरज दुबे ने कहा कि विधायक निधि जनता की गाढ़ी कमाई से एकत्रित सरकारी संसाधन है, जिसका उपयोग जनकल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यवश, कई बार इस निधि का दुरुपयोग कर अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जाता है। उन्होंने प्रशासन से इस पूरे प्रक्रिया पर सघन निगरानी की मांग की है, ताकि योग्य लाभुक वंचित न रह जाएं।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



श्रीबंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, उर्फ छोटे राजा, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, विद्या विकास समिति के प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश कुमार, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, गढ़वा जिला संघचालक काशी महतो, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला एवं प्रधानाचार्य के द्वारा सामूहिक रूप से भारत माता, ओम तथा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य में माध्यमिक जैक बोर्ड के टॉपर स्थान प्राप्तकर्ता विद्यालय के छात्र, भैया आशुतोष कुमार चौबे और सुमित कुमार को विद्यालय की ओर से 5000 राशि का चेक, एंड्रॉयड मोबाइल फोन व इंटर साइंस का बुक सेट प्रदान किया गया। विद्यालय के सभी टॉप टेन भैया बहनों को आकर्षक मोमेंटो तथा कॉलेज बैग दिया गया एवं उनके अभिभावकों को श्रीरामचरितमानस ग्रंथ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने उपस्थित लोगों को बताया कि विद्यालय टॉप टेन में आशुतोष कुमार चौबे 96.8%, सुमित कुमार 96.4%, रोहित कुमार 96%, प्रवीण कुमार 96%, सागर कुमार 95.8 %, आशुतोष कुमार 95.6 %, अनुराग कुमार 95.4 %, ओम कुमार 95.4%, युवराज कुमार 95.4%, उत्तम कुमार 95%, अंकित विश्वकर्मा 94.8%, शांभवी कुमारी 94.2%, प्रियांशु कुमार 94.2%, रंजन कुमार 94% भैया- बहन हैं।

## सांप काटने से युवती की मौत



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई थाना क्षेत्र के कपराठ गांव निवासी जिम्मेदार सिंह के 15 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी की मौत सांप काटने से हो गयी। परिजन उसे इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले जा रहे थे।उ सी क्रम में रास्ते में ही मौत हो गयी। यह घटना बुधवार रात की है।

## केतार थाना प्रभारी ने चलाया नशामुक्ति अभियान

केतार (आजाद सिपाही)। गुरुवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने पीएम श्री मध्य विद्यालय, केतार में नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन कर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जा रहा है और इससे समाज में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

# जिप अध्यक्षा ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



### कर्मी कार्यशैली में सुधार करें: शांति देवी

इस मामले में शांति देवी ने बताया कि केतार प्रखंड कार्यालय में भरष्टाचार चरम सीमा पर है। ग्रामीणों के द्वारा बार-बार शिकायत मिल रही थी, जिसके आलोक में प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अधिकतर बीपीओ के खिलाफ में कई आवेदन एवं रिकार्डिंग प्रस्तुत किये गये। उन्हें मेरे ओर से सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि यदि कार्यशैली में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो अग्रेतर करवाई करूंगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। गढ़वा जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी के द्वारा गुरुवार को केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों के लगातार शिकायत मिलने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें निरीक्षण के दौरान कई पदाधिकारी गायब मिले। जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास निरीक्षण के लिए क्षेत्र में गये हुए थे। वहीं उपस्थित पर बीपीओ नीरज पाल के खिलाफ ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा बिना पैसा लिए कोई भी कार्य नहीं किया जाता है। इस पर अध्यक्ष के द्वारा नाराजगी जाहिर की गयी और बीपीओ नीरज पाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण जनता को बेवजह परेशान किया गया, तो अग्रेतर कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष को कूप निर्माण में मास्टर रोल जीरो किये जाने की शिकायत अशोक ठाकुर ने किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम संगठन सचिव संजय वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, दिपक वर्मा, दिनेश वर्मा, दीनदयाल गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जिला परिषद अध्यक्षा को बीपीओ के खिलाफ लाभुक ने दिया आवेदन



केतार (आजाद सिपाही)। ब्लॉक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी के आगमन पर ब्लॉक से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर अध्यक्षा को आवेदन दिया गया, जिसमें अशोक ठाकुर पिता राम भजन ठाकुर ग्राम दासीपुर निवासी ने लिखित आरोप लगाया कि मेरे भाई सुनील कुमार ठाकुर के खेत में एक कूप का निर्माण हो रहा है। जिसमें 35 फुट की खुदाई भी किया जा चुका है, तथा उसमें 12 फीट कंक्रीट से ढलाई भी कर दिया गया। इसके बाद भी डिमांड एवं मजदूर भुगतान को लेकर बीपीओ नीरज कुमार से भुगतान करने के लिए कहा गया तो उन्होंने 5% पीसी के नाम पर पैसे की मांग की। उससे कम देने पर डिमांड जीरो करा दिया गया। नीरज पाल पर पहले भी कई मामले में प्रमुख के द्वारा जिला में उठायी गयी है। कूप में भुगतान नहीं होने के कारण लेबर के साथ काफी समस्या उत्पन्न हो चुकी है। इस मामले पर जिला अध्यक्ष शांति देवी ने बीपीओ नीरज कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की है।

## रंका परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन

# दलित शोषित पीड़ित लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध : पीएलवी

आजाद सिपाही संवाददाता



रंका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देशानुसार बुधवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के परिसर में लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानपुर पंचायत पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि डलसा गढ़वा आप सबों के साथ हर सुख दुख में साथ खड़ी है। इसके माध्यम से दिव्यांग जनों, दलित पीड़ित लोगों, बीमार ग्रस्त लोगों, महिला एवं बच्चों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। रंका थाना के ए एस आई राकेश वर्मा ने कहा कि लड़कियां हमारे राष्ट्र की धरोहर हैं। समाज में हमारी बच्चियों के साथ कुछ भी गलत होता है तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि आप अबला नहीं सबला हो, तुम्हें झांसी की रानी लक्ष्मीबाई बनना होगा। आज देश और समाज को आप से काफी अपेक्षाएं हैं। इस मौके पर परियोजना कन्या उवि के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार, सुरेंद्र कुमार, सत्येंद्र रजक, उज्जवल चौबे, किरण कुमारी, दिलीप, सुधाकर एवं खरडीहा पंचायत पीएलवी महेंद्र ठाकुर सहित काफी संख्या में बच्चियां उपस्थित थीं।

# एसडीएम ने गढ़वा बस स्टैंड का निरीक्षण किया बस संचालकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाहीस संवाददाता



गढ़वा। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने आज गढ़वा मुख्य बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां खड़ी बसों के रूट परमिट, वाहन कागजात और अन्य दस्तावेजों की सरसरी तौर पर जांच की। उन्होंने बस संचालकों और एजेंटों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी वाहन पूरी तरह से परिवहन विभाग के नियमों और निर्देशों का पालन करें।

एसडीओ ने बस स्टैंड में खड़ी छत्तीसगढ़ नंबर की बसों का परमिट और काउंटर साइन हस्ताक्षर विशेष रूप से जांच किया। जिसमें बदन बस सर्विस की एक बस में प्रथम दृष्टया विसंगति मिली, जिस पर संबंधित संचालक को चेतावनी देते हुए कागजात अपडेट रखने का निर्देश दिया गया। दरअसल बुधवार को कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में पहुंचे कई बस संचालकों ने अवैध परिचालन, अधूरे कागजात और ऐसे ही अन्य विसंगतियों को एसडीएम के सामने रखा था। जिस पर उन्होंने संज्ञान लेकर गुरुवार को बस स्टैंड का विस्तृत मुआयना किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नगर परिषद के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टैंड परिसर में हाल ही में निर्मित नये टिकट काउंटरों का शीघ्र आवंटन नियमानुसार संबंधित बस ऑपरेटरों के बीच कर दें, ताकि यात्रियों के साथ साथ बस एजेंटों को भी सुविधाजनक और सुव्यवस्थित सेवा मिल सके।

एसडीएम ने बस स्टैंड परिसर में मौजूद यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुनीं। उन्होंने विशेष रूप से बस स्टैंड क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति, सफाई, शौचालय, पेयजल और बैठने की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर स्थानीय लोगों की राय ली और संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि गढ़वा में यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाये तथा बस स्टैंड परिसर को सभी प्रकार की अराजक्ताओं से मुक्त कराया जाए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय बस संचालक, एजेंट, बस कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## शिविर लगाकर 30 लोगों का खाता खोला गया

भंडरिया (आजाद सिपाही)। स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा पिछले एक मई से प्रखंड के विभिन्न गांव नौका, जनेवा, तेवाली जोन्हीखांड सहित आदि गावों मे शिविर लगाकर सेविंग खाता खोला जा रहा है। जिसमें स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं तथा इसका लाभ उठा रहे हैं। गुरुवार को पंजाब नैशनल बैंक के शाखा प्रबंधक संजय अधिकारी के द्वारा भंडरिया के तेवाली जोन्हीखांड गांव में शिविर लगाकर कुल 30 खाताधारकों का खाता खोला गया। जानकारी देते हुए हुए शाखा प्रबंधक ने बताया कि लोगो की सहुलियत को देखते हुए गांव गांव में शिविर लगाकर खाता खोला जा रहा है।यह शिविर पिछले एक मई से शुरू है जो तीस जुन तक चलेगा सुदरवर्ती क्षेत्र के लोग अधिक भोले भाले व सीधे-साधे होते हैं वह अपना खाता खोलवाने के लिए बैंक नहीं पहुंच पाते कुछ लोग पहुचते भी हैं तो बिचौलिए के चक्कर में पड़ जाते हैं।

# शोभा यात्रा के साथ नौ दिवसीय रामकथा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



रमना। रमना प्रखंड मुख्यालय के नीचे बाजार शिवाला मंदिर के प्रांगण में नौदिवसीय प्रभु श्री रामकथा का आयोजन को लेकर गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा नीचे बाजार से से सब्जी बाजार, श्री सीताराम मानस मंदिर, बगौंधा मोड स्थित शिव मंदिर, बस स्टैंड प्राचीन शिव मंदिर, मुख्य सड़क भगत सिंह चौक से पुनः नीचे बाजार शिवाला मंदिर लाकर समाप्त हुआ। इस दरम्यान भक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान आदि के जयकारों से गुंजायमान रहा। जानकारी देते हुए उक्त कार्यक्रम के संचालन कर्ता डॉ पारसनाथ ने बताया कि प्रयागराज अयोध्या से चलकर आए पंडित श्री दुर्गेश नंदन जी महाराज के द्वारा संगीतमय प्रभु श्री रामकथा से चार जुलाई तक शाम सात बजे से रात्रि दस बजे तक किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोती प्रसाद, बबलू गुप्ता, अर्जुन कुमार, मुन्ना प्रसाद, संजय प्रसाद, जितेंद्र कुमार, टुनटुन सोनी, बिपुल, पवन गुप्ता, संतोष, घनश्याम सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण भूमिका है।

### निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध खूंटी में मैराथन दौड़ का आयोजन

# नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध 10 जनू से चल रहे अभियान के तहत गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन खूंटी के तत्वावधान में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी से प्रारंभ हुई। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो और उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। इस दौड़ में जिले भर से आए खिलाड़ी, स्कूली बच्चे, पुलिस के जवान, आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 2-3 किलोमीटर की दूरी तक चली इस मैराथन ने समाज को नशामुक्ति का सशक्त संदेश दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ी इस प्रकार हैं छोटे बच्चों की स्पेशल टीम समर्पण प्रधान प्रथम स्थान, समीक्षा प्रधान द्वितीय स्थान और अयांश होरो तृतीय स्थान, गर्ल्स टीम संगीत मरांडी प्रथम स्थान, सपना बरला द्वितीय स्थान और रेबेका तिर्की तृतीय स्थान। बॉयज टीम मैनुएल कंडुलना प्रथम, अनुज कुमार महतो द्वितीय और अमरजीत कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ समाज निर्माण के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलायी गयी।



## डालसा ने जागरूकता शिविर का किया आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्लस टू सिंदरी अड़की, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुड़ापूर्ति साइको खूंटी में गुरुवार को विश्व नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही खूंटी जिले के सभी थानों के पीएलवी द्वारा नशा मुक्ति दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिवक्ता मदन मोहन राम, अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, साइको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, सभी थाना के पीएलवी, स्कूल के प्रधानाध्यपक और कर्मचारी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## बुंडू में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान



बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा चलो जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक्सेल डाटा सर्विसेज, बुंडू कौशल केंद्र में एक जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्र प्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। रैली के समापन पर एवं सफल संचालन में कुंदन हजाम, अरबाज आलम, कौशल कुमार, प्रवीण शर्मा आदि सभी प्रशिक्षकों ने अपना सहयोग दिया सभी प्रशिक्षुओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी और इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# सुब्रतो मुखर्जी कप और लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड संसाधन केंद्र तमाड़ की ओर से तीन दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी कप एवं लिटिल चैंपियन फुटबॉल टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। टूर्नामेंट में अंडर-12, अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट में विभिन्न स्कूलों से आयी टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया।

समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता को सफल बनानेके लिए प्रखंड संसाधन केंद्र तमाड़ बीआरसी कार्यालय से लेखपाल पदाधिकारी विलकन हंस, अनिमेष हर्षित, कंचन कुमारी, सुमित कुमार, सविता दास, सोनाराम मुंडा, सीता देवी, बीआरपी आनंद महतो, बीरेंद्र महतो, उषा कुमारी, ललित कुमार महतो, खेल शिक्षक जय प्रकाश सिंह मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा बीरेंद्र प्रामाणिक शिव प्रसाद प्रेमचंद आचार्य, धनेश्वर प्रामाणिक, अर्जुन महतो, सुबोध महतो, भगीरथ हजाम, वैधनाथ महतो, बासु देव, महतो पिनाकी महतो, जगदीश चंद्र महतोआदि उपस्थित थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा को बदनाम करने की हो रही साजिश : मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक डकरा स्थित कार्यालय में गुरुवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने किया। बैठक में मोर्चा की ओर से कहा गया की कुछ बाहरी लोग पुलिस प्रशासन को गलत शिकायत करके षड्यंत्र के तहत रैयत विस्थापित मोर्चा को बदनाम करने के एक बड़ी साजिश चल रही है। बीते दिनों में उक्त शिकायत को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा केडीएच कांटा घर मे अवैध वसुली को लेकर दो लोगो को गिरफ्तार कर मोर्चा को बदनाम किया जा रहा है। मोर्चा इसकी कड़ी निंदा करती है। गुरुवार को मोर्चा सीसीएल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर केडीएच परियोजना के अंतर्गत जामुन दोहर जो पंद्रह वर्षों से विवादित था मोर्चा इसे खाली करवाकर केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण में अहम योगदान दिया है। यहां के मूल रैयतों की जमीन सीसीएल अधिग्रहित क्षेत्र में चली गयी है। मोर्चा यहां के रैयतों को हक अधिकार के लिए संघर्षरत है। जिसे लेकर कुछ बाहरी लोगों को हजम नहीं हो रहा है और वहीं लोग षड्यंत्र के तहत सीएनटी की जमीन को लूटने का प्रयास कर रहे हैं। आज यहां के रैयत देश की ऊर्जा बढ़ाने के लिए और देश के विकास के लिए अपनी जमीन दी है। जिसे देखते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहल पर आज पूरे सीसीएल क्षेत्र में रैयत विस्थापित के रोजगार के लिए कोल डंप दिया गया है और आज इस कोल डंप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रैयत विस्थापित प्रभावित और इस क्षेत्र के सभी व्यवसायी और ग्रामीणों का रोजगार चल रहा है। मोर्चा ने कहा कि कुछ बाहरी लोग इस क्षेत्र में यहां के मूल रैयतों के मौलिक अधिकार का हनन कर इस क्षेत्र में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसे मोर्चा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर यही रवैया रहा, तो यहां के रैयत खदान विस्तारीकरण के लिए एक इंच भी जमीन नहीं देंगे। बैठक में जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश, मुकद्दर लोहरा, दामोदर, प्रभाकर, शिवनारायण, विनोद मुंडा आदि उपस्थित थे।

## नदीसाई में जनता दरबार का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नदीसाई पंचायत सचिवालय में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों का 17 स्टोल लगाया गया, जहां लोगों से आवेदन लिया गया। सखी मंडल, फुलों झानो आशिर्वाद योजना सहित कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। जनता दरबार में कुल 233 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें तत्काल 34 आवेदन का निष्पादित किया गया। वहीं धरती आबा जनजातीय ग्राम उतकर्ष अभियान में कुल 97 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 12 आवेदन का तत्काल निष्पादित किया गया।बीडीओ एकता वर्मा, अनिल सिन्हा, अमित सिन्हा, मुखिया, उपमुखिया एवं प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा खलारी मंडल ने चलाया सफाई अभियान



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा खलारी मंडल के द्वारा शनिवार को सीमेंट फैक्ट्री गेट से लेकर बाजारटांड़ सोनाडूबी नदी तक सड़क किनारे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सीसीएल प्रबंधन के सहयोग से ग्रेडर मशीन की सहायता से सड़क के दोनों ओर की सफाई की गई। इस कार्य में पूर्व विधायक समरीलाल की पहल महत्वपूर्ण रही, जिनके प्रयास से यह कार्य संपन्न हो सका। इस अभियान में पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, शशि प्रसाद साहू, नागदेव सिंह, कुलदीप लोहार, उदय सिंह, मनोज गिरी, राहुल गुप्ता, अभिषेक सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल थे।

## एल्यूमीनियम फैक्ट्री वर्क्स यूनियन की वार्षिक आमसभा संपन्न



मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी अल्यूमिना क्लब में मुरी अल्यूमीनियम फैक्ट्री वर्क्स यूनियन की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता राजकिशोर महतो एवं संचालन विकास गांगुली ने किया। इस सभा में यूनियन के प्रभात कुमार ने वर्ष 2023-24 के लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं कामकाज की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। सभा को संबोधित करते हुए सचिव उपेंद्र महतो ने कहा कि वार्षिक आमसभा किसी भी संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है। कंपनी यूनियन के मामले हो यह सदस्यों को एक साथ आने, अपने विचारों को साझा करने और संगठन के भविष्य को आकार देने का अवसर प्रदान करता है। अध्यक्ष सुरेश महतो ने कहा कि संगठन में युवा सदस्यों को आगे आना होगा। तत्पश्चात अध्यक्ष ने सचिव को एक सप्ताह के अंदर कार्यकारी सदस्यों का सर्व समिति से गठन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर राज कुमार सोनार, नवल किशोर महतो, सुभाष महतो, चंदन मिश्रा, षष्ठी हजाम, मेघनाथ महतो, राजेश महतो, मो हसनेन समेत काफी संख्या मे यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने फसल नष्ट की और घर में रखे धान को भी बनाया निवाला



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह पंचायत अंतर्गत चुनीडीह गांव में बीते रात को हरिपद महतो और रामकृष्ट महतो के खेत में लगे नानुवा और लौकी की फसल को रोंद कर नष्ट कर दिया। वहीं जंगली हाथी ने रामकृष्ट महतो के घर में रखे नौ बोरा धान को भी अपना निवाला बनाया। वहीं ग्रामीण राजीव कुमार महतो ने बताया कि बड़ा टूंगरी के समीप लगभग नौ हाथी मौजूद है और बोड़ा पहाड़ में दो हाथी मौजूद है। उन्होंने बताया कि शाम होते ही जंगल से गांव की और हाथी प्रवेश करते है और प्रतिदिन किसानों के फसल को नष्ट करते है। उन्होंने वन विभाग से मांग किया है कि इस क्षेत्र से हाथियों को भगाया जाए और जल्द ही किसानों के क्षतिपूर्ति का मुआवाजा दिया जाये।

# खूंटी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन, मरियम आईंद बनीं अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत खूंटी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें मरियम आईंद को अध्यक्ष, बिरसा महतो एवं शमीम खान को उपाध्यक्ष तथा मगतराय टूटी, नमन होरो, सोमा मुंडा, ग्लैडसन टूटी, गफार खान, दिलीप तिर्की, कृष्ण मुंडा, दानियल टूटी और रायमुनि मुंडाईन को महासचिव बनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जिसकी लड़ाई देश में वैसे तंत्रों से है जो देश को अपनी जागीर समझते हैं और देश के लिए बलिदान देने वाले लोगों का भी सम्मान करना वे उचित नहीं समझते। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो ने भी सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से काम करने को कहा। मौके पर सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, ईंदुअन्ना हस्सा, शांता खाखा, बबलू, नरसिंह नाग,निर्मल उरांव, सुनील मुंडा, मोनसिह मुंडा, छोटू मुंडा, मसीहदास,गीता देवी, हिंदु मुंडा आदि उपस्थित थे।

# एसडीसी में होड़ोपैथी पर सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झाडखंड का मतलब जंगल का प्रदेश यानी विज्ञान की भाषा में एथनोबोटानी से है, जहां औषधीय पौधों की भरमार और साथ में आदिवासी ज्ञान परंपरा का अकूत भंडार है, लेकिन इसके विकास और आदिवासी ज्ञान के संरक्षण के लिए न ही कोई योजना है और न ही कोई नीति। 2008-2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और राज्य निर्माता दिशोम गुरु ने झाड़खंड को हर्बल स्टेट घोषित करने की बात कही थी। एथनोबोटानी जिसे आदिवासी भाषा में होड़ोपैथी कहते हैं के सवंर्द्धन के लिए राज्य में कोई प्रतिष्ठान भी नहीं है, जबकि जड़ी बूटी आधारित व्यापार की असीम संभावनाएं यहां हैं। ये बातें सोसायटी ऑफ एथनोबोटानी लखनउ की कार्यकारिणी समिति की सदस्य और आदिवासी ज्ञान परम्परा को प्रोत्साहित कर उसे पुनर्जीवन देने के प्रयास में लगी डॉ वासवी किड़ो ने गुरुवार को खूंटी के एसडीसी के सम्मेलन में कही। डॉ वासवी किडो ने कहा कि जीवन रक्षक जड़ी बूटियों पर आधारित सूक्ष्म स्तर के व्यापार को स्थापित कर बोटानी और एथनोबोटानी के छात्रों शोधार्थियों तथा आदिवासी ज्ञान परंपरा के वाहक गुणियों को पहचान और आर्थिक विकास में सहयोग किया जा सकता है।

सम्मेलन को दिल्ली से आयीं सोमा केपी जैविक खेती की विशेषज्ञ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा होनी चाहिए। इकोलोजिकल रेस्टोरेशन पर बात होनी चाहिए और जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। आदिवासियों के खान पान की परंपरा की रक्षा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग की खूंटी जिला व्यापार समन्वयक अतेन विश्वासी टोपनो ने विस्तार से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके के लिए 35 प्रतिशत अनुदान दरसे लोन दिया जा रहा है। एक लाख दो लाख का लोन लेकर भी व्यापार प्रारंभ किया जा सकता है।

ट्राइबल इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पश्चिम सिंहभूम के अनमोल पिंगुवा ने महुआ फूल के उद्योग के बारे में विस्तार से पावर पोइंट प्रजेन्टेशन किया। उन्होंने कहा कि महुआ फूल का वैल्यू एडीशन किये जाने की जरूरत है। झाड़खंड महिला उत्थान की अध्यक्ष नीलम बेसरा ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं की तकनीकी समझ बना कर व्यापार में लाया जाये।

## बिचकाटोली में 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगा

बुंडू (आजाद सिपाही)। गुरुवार को बिचका टोली में 200 केवीए नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया, जिसे भाजपा नेता जीतू कुमार ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। जीतू ने महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र को फोन करके शिकायत दर्ज कीरायी थी और नया ट्रांसफार्मर देने का बात किया। बिजली नहीं होने से बस्तीवासियों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था।

## तपकारा मुक्तिधाम में शेड का निर्माण

खूंटी (आजाद सिपाही)। तपकरा की सामाजिक संस्था नव निर्माण समिति की 25वीं वे वर्षगांठ के अवसर पर समिति द्वारा तपकारा के मुक्तिधाम स्थित शेड का का निर्माण कराया गया। इसका सारा व्यय समिति द्वारा वहन किया गया। इसके लिए गांव वालों ने समिति के अधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। ज्ञात हो कि नव निर्माण समिति वर्ष 1999 से निरंतर सामाजिक सेवा में योगदान देती आ रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अपमानित किया : मनोज कुमार



पद्मभूषण कड़िया मुंडा।

खूंटी (आजाद सिपाही)। आपात्तकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित काला दिवस कार्यक्रम में भाजपपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा को नही बलाये जाने की पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कड़ी निंदा की है। एक बयान में पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि कड़िया मुंडा खूंटी ही नहीं, पूरे झारखंड में जनसंघ और भाजपा को खड़ा करने में सबसे बड़े आधार स्तंभ रहे हैं। आपात्तकाल में उन्होंने तेरह महीने तक जेल की सजा काटी थी। कड़िया मुंडा ने भाजपा को अपने खून पसीने से सींचा है। भाजपा कें ऐसे भीष्म पितामह को काला दिवस के कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करना, उनका अपमान और निंदनीय है। मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा के कुछ नेता पार्टी कें अंदर अघोषित आपात्तकाल लगा रहे हैं।

## हरि मंदिर में विपत्तारिणी पूजा शनिवार को

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर के प्रसिद्ध हरि मंदिर में बंग समुदाय द्वारा 28 जून शनिवार को विपत्तारिणी पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। यह जानकारी देते हुए हरि मंदिर ट्रस्ट के सैकत कुमार दास ने बताया कि यह अनुष्ठान मां दुर्गा के 108 स्वरूपों में एक है विपदतारिणी। महिलाएं अपने सुहाग के दीघार्यु और बच्चों को विपदाओं से बचाने के लिए करती हैं। बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा विशेष तौर पर श्रद्धापूर्वक मा विपदतारिणी हर साल रथ यात्रा के बाद मंगलवार और शनिवार को पूजी जाती हैं। इसमें महिलाएं निर्जला उपवास रहकर श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना करती है। इसमें 13 तरह के फल, फूल और मिठाई सभी 13 तरह की वस्तुओं से पूजा की जाती है, यह पूजा सदियों से होती आई हैं।

## सड़क निर्माण की अनियमितता, जताया विरोध

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। धमधमिया से दामोदर नदी तक बन रहे पीसीसी पथ निर्माण का विधायक प्रतिनिधि ने विरोध किया है।इसको लेकर विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह एव पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में अनियमितता पाई गयी। विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने बताया कि धमधमिया बी टाइप से दामोदर नदी तक जिला परिषद के माध्यम से डीएमएफटी फण्ड के द्वारा एक पीसीसी पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर ठेकेदार के द्वारा सड़क पर मेटेरियल बिछाने का काम किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा सड़क निर्माण कार्य में शुरूआत में ही अनियमितता उजगार हुई है। जैसे तैसे सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है नदी किनारे सड़क पर लगे सभी मैट्रीयल बह गया है। वहीं निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व इसका शिलान्यास भी नहीं कराया गया है। इसके अलावा निर्माण कार्य में अनियमितता की जा रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार के द्वारा गुपचुप तरीके से कार्य शुरू किया गया जो ठीक नहीं है। इसके लिए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को विश्वास में लेना होगा। विधायक प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने कहा कि जबतक सड़क निर्माण कार्य में शिलान्यास नहीं होगा, तबतक सड़क निर्माण कार्य बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर स्थानीय विधायक को भी जानकारी दी गयी है।

# पढ़ाई के साथ संस्कृति को भी साथ लेकर चलना जरूरी: प्रो जे किड़ो

### बिरसा कॉलेज में नागपुरी गायन, वादन और नृत्य विषयक प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** बिरसा कॉलेज कें नागपुरी विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को कॉलेज परिसर में नागपुरी गायन, वादन और नृत्य विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या जेके किड़ो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति को बचाए रखने के लिए आनेवाली पीढ़ी को सीखने-जानने की जरूरत है। पढ़ाई के साथ संस्कृति को भी साथ लेकर चलना जरूरी है। भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति के हस्तांतरण के लिए प्रशिक्षण भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक नागपुरी के गायक, वादक और नर्तक दीनबंधु ठाकुर और महावीर लोहार, खूंटी डोड़मा की नागपुरी गायिका यशोदा देवी ने विद्यार्थियों को गायन , वादन और नृत्य का प्रशिक्षण दिया। यशोदा देवी ने नागपुरी गीतों के प्रमुख रागों डमकच एकहरिया, झुमटा, अंगनई, मदार्ना झूमर आदि की बारीकी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने अपनी मधुर आवाज से कार्यक्रम को मंत्रमुग्ध भी कर दिया। इस कार्यक्रम के लिए कॉलेज की प्राचार्या का आभार प्रकट किया। दीनबंधु ठाकुर ने नागपुरी गीतों के रागों पर प्रकाश डाला उन्होंने ने गाकर, बजाकर और नृत्यकर विद्यार्थियों को सिखाया। नागपुरी नृत्य के कुछ लय और वादन के ताल को बारीकी से सिखाया। महावीर लोहार ने भी नागपुरी नृत्य के कुछ लय ताल को खुद नाचकर, बजाकर सिखाया। डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने सुंदर नागपुरी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कोरनेलियुस मिंज ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की डॉ संगीता संगा, डॉ प्रियंका कुमारी, भूगोल विभाग के अनंत राम, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव सहित नागपुरी और हिंदी विभाग के विद्यार्थी मौजूद थे।

## नशापान के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को मांडर महाविद्यालय सभागार में थाना के सौजन्य से मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मांडर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी डॉ अनसेलम मिंज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में मांडर अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी ने छात्रों से मादक पदार्थों के सेवन से बचने एवं नशापान के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया एवं उपस्थित विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई। वहीं, कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ केपी शाही ने मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों को उजागर किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर मांडर थाना के एएसआई पीके चौबे, एएसआई अजीत कुमार, मांडर कॉलेज के बड़ा बाबू सलीम अंसारी, डॉ विवेक शाही, डॉ ममता कुमारी, डॉ चांदनी कुमारी, प्रो सेनेल टेटे, दिव्या कुमारी, सुषमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इसजिसमें बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना से लाभान्वित किसानों द्वारा अपने-अपने बागवानी में उत्पादित विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, बीडीओ जयपाल सोय, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा, बीपीओ अवनिंद्र कुमार आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और किसानों को आगे और बेहतर करने की सलाह दी। लाभुकों ने भी बागवानी से पिछले दो साल की आर्थिक लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पुराने बागवानी लाभुकों को पोस्ट प्लांटेशन से संबंधित प्रशिक्षण एवं नए बागवानी लाभुकों को पौधा, गढ़ा भराई एवं रोपण से संबंधित तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं लाभुकों को आम के फलों का बाजार उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रति लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ अवनिंद्र कुमार ने किया। मेला में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंसस, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक, कृषक मित्र आदि उपस्थित थे।

## ईटाचिल्द्री-चनकोपी में नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न, रथ यात्रा आज



**बेड़ो/इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईटाचिल्द्री एवं चनकोपी गांव स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर में गुरुवार को नेत्रदान अनुष्ठान का संपन्न हुआ। जिसमें विधि पूर्वक भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों का नेत्रदान अनुष्ठान परंपरा अनुसार किया गया। ईंटा में धार्मिक अनुष्ठान पंडित पंचम नारायण पांडेय और पुजारी लाल इसकलैप नाथ शाहदेव की अगुवाई में सेंवैत लाल, गोकुल नाथ शाहदेव और लाल मोहन नाथ शाहदेव ने किया। वहीं, चनकोपी गांव में रथयात्रा की पूर्व संध्या पर भगवान जगन्नाथ का नेत्र उत्सव संपन्न हुआ। पुजारी कलिंद्र शुक्ला और लाल साहब की अगुवाई में नेत्र उत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, इटकी में भी भगवान जगन्नाथ महाप्रभु, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की 15 दिनों के एकांतवास से गुरुवार को बाहर निकाला गया। भगवान के सिंगार के बाद पुरोहित श्याम सुन्दर तिवारी ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच पूर्व के जमीनदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव द्वारा नेत्रदान अनुष्ठान को पूरा किया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ सहित अन्य विग्रहों का मंगल महाआरती की गई। पूजा अनुष्ठानों के बाद भगवान विश्राम के लिए चले गये। शुक्रवार को सुबह सात बजे से भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर के गर्भगृह के कपाट खोल दिये जायेंगें। दूसरी ओर, रथयात्रा और मेला की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस अवसर पर लाल साहब ने बताया कि रथ यात्रा के मौके पर मंदिर परिसर में सूर्योदय के साथ पूजा सुबह प्रारंभ होगी। अपराह्न को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा रथ पर आरूढ़ होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रागंण से निकलकर ग्राम मे ही स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे।

## रातू रिंग रोड से अवैध शराब लदा पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार

# 300 कार्टून अवैध शराब जब्त

## मवेशियों के चारा की आड़ में छिपाकर ले जाया जा रहा था शराब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस के उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय के नेतृत्व में रातू पुलिस ने गुरुवार को एक पिकअप वैन को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। इसके बाद पुलिस ने पुलिस ने चालक जय प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। वह कमड़े गोकुल धाम का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटे वाहनों से अन्य राज्यो में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा



जब्त अवैध शराब।

है। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसने बुधवार की रात सिमलिया-बिजुलिया मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान एक उजला रंग का पिकअप वैन काफी तेजी से आता दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उस पर ऊपर पशु का चारा लदा था। पर वाहन के अंदर में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर तस्करी की जा रही थी। पुलिस तलाशी के क्रम में वाहन में लगे प्लास्टिक को खोल कर देखा तो वाहन में 300 कार्टून शराब लदा था। जिसमें कुल 3600 बोतल शराब थी। शराब की पेटियां पुडुचेरी के मन्नादिपेट कम्यून स्थित कात्तेरीकुप्पम गांव के रहने वाले रवि कुमार का नाम अंकित था। पुलिस वाहन को जब्त कर थाना ले गयी। वहीं, मामले को लेकर रातू थाने में भादवि की धारा 254/275/3 (5) बीएनएस एवं 47 (ए) 52 (डी) 55 के तहत कांड संख्या 237/25 दर्ज किया गया है। शराब की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपया बताई जा रही है। वहीं, छापामारी दल में रांची के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, प्रियंका कुमारी, संतोष यादव, नवीन शर्मा, उमेश कुमार, अनुरंजन कुमार, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

## कांके के प्रस्तावित सुकुरहुटू उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**कांके (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास समिति की ओर से संचालित प्रस्तावित उच्च विद्यालय सुकुरहुटू कांके में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक नई चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला अवसर सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मैट्रिक परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शीर्ष पांच छात्राओं को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनमें स्नेहा कुमारी, दीपशिखा कुमारी, खुशबू कुमारी, शिवानी कुमारी और ईशा कुमारी शामिल रही। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मृत्युंजय कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के आत्मबल बढ़ते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि यह सम्मान समारोह केवल पुरस्कार वितरण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में विश्वास का प्रतीक है। कोषाध्यक्ष सुमंत महतो ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा की ज्योति हर गांव, हर घर तक पहुंचाने की है। ताकि कोई भी प्रतिभा अंधकार में न रहे। वहीं, विद्यालय प्रधान मुकेश रंजन ने कहा कि हमारा विद्यालय शिक्षा का माध्यम ही नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को पंख देने वाला मंच है। मंच संचालन शिक्षिका निशा रानी कच्छप ने किया।

## सिकिदिरी में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**भारी मात्रा में नकली शराब जब्त, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर सिकिदिरी थाना क्षेत्र के भूसुर गांव के पास कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से संचालित मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा था। इस दौरान 600 पेटी शराब, 500 लीटर कच्चा शराब, कई ब्रांडेड शराब कंपनियों के रैपर और बाजार में बिकने वाले कई ब्रांड के नकली शराब बरामद



किए गए। पुलिस पांच लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। बताया जा राह कि यह अवैध शराब फैक्ट्री वर्षों से संचालित हो रहा था। नकली शराब बनाने के लिए बकायदा एक घर को फैक्ट्री के रूप में तब्दील कर दिया गया था। यह भी बताया गया कि जिस स्थान पर मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। उसके पास ही एक बॉटलिंग प्लांट भी है। आशंका है कि बॉटलिंग प्लांट वाले का भी अवैध शराब निर्माण में मिलीभगत हो सकती है। इस बिंदु पर अलग से जांच की जा रही है।

## नशे से दूरी, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभायें: डीएसपी अशोक

**डीएवी स्कूल में नशा मुक्ति पर जागरूक कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल विनय बगीचा में गुरुवार को नशा मुक्ति को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना और उन्हें एक स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस असर पर बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों और इससे समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि नशा केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी व्यक्ति को खोखला कर देता है। छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। डीएसपी ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति का जीवन तो खराब होता ही है घर, परिवार एवं समाज भी बर्बाद होता है। नशा से अपराध भी बढ़ता है। नशा से दूर रहने के लिए आमजन को प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने ने छात्रों को नशे से बचाव के विभिन्न तरीकों, जैसे कि बुरी संगत से दूर रहना, तनाव का सही प्रबंधन करना और सकारात्मक गतिविधियों में शामिल होना। बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशे का आदि हो जाता है, तो उसे किस प्रकार की सहायता और उपचार मिल सकता है। उन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे वो किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने थाना के नंबर को याद करने और उसे अपने डायरी में नोट करने को कहा जिससे वो संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर वो किसी भी परिस्थिति में हों और उन्हें समझ नहीं आ रहा हो कि क्या करना है तो वो उनसे बेहिचक फोन कर सलाह ले सकते हैं या उनके ऑफिस में आकर मिल सकते हैं वो उनको हरसंभव सहायता करेंगे। उन्होंने बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर शपथ भी दिलायी। उन्होंने युवाओं से खास तौर पर अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूरी बनाये रखें और अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभायें। यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है, तो वह नशा मुक्ति केंद्र या चिकित्सीय परामर्श लेकर इससे बाहर निकल सकता है। कहा कि नशा एक विनाश है, इससे बचाव ही जीवन की दिशा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से नशा उन्मूलन के लिए आगे भी जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। वहीं बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक दिखाकर नशामुक्ति के लिए जागरूक भी किया।

## छात्रों में विद्वता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का होना आवश्यक है: डॉ प्रदीप वर्मा

**मैट्रिक-इंटर के टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** तेतरी टोली स्थित हंस राज वाधवा प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2025 की वार्षिक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य एबी केककेट्टा के नेतृत्व में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनकी उपलब्धियों को सराहा गया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिका पूनम प्रभा बाड़ा को 'बेस्ट शिक्षिका अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जिन्हें मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने समारोह की शुरूआत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर किया। इसके बाद छात्राओं की ओर से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को और अधिक उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने विद्यार्थियों से कहा कि छात्रों में विद्वता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का होना आवश्यक है। अगर नकल करनी है तो पढ़ने की नकल करो। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा कठिनाइयों से प्राप्त होती है, वही वास्तव में मूल्यवान होती है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने अपने माता-पिता और विद्यालय दोनों का नाम रोशन किया है। सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय में किसी भी प्रकार की कमी को दूर करने के लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया और बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मंच संचालन शिक्षिका अलका श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की अध्यक्ष नीता शर्मा, तंद्रा मुखर्जी, सरिता नायर, अनुज वाधवा, अशोक गोप और सुमित पाठक आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो पुलिस की छापामारी, दो पिकअप वैन में लदे 18 मवेशी जब्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची एसएसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बेड़ो पुलिस ने छापामारी के दौरण रांची-गुमला मुख्य मार्ग के नगड़ी टोली गांव के समीप बुधवार की देर रात 2.30 बजे अवैध रूप से पशुओं से लदे दो पिकअप वैन को जब्त किया है। साथ ही 18 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया है। बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि रांची एसएसपी द्वारा अवैध रूप से दो वाहनों पर लादकर ले जा रहे गोवंशीय पशुओं के संदर्भ में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद छापामारी अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार उक्त पिकअप वाहन पर गोवंशीय पशुओं को निर्ममता पूर्वक लादा गया था। बताया कि थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं एसआई नंदु पैरा के अलावा सशस्त्र बलों की मौजूदगी में अलग-अलग तीन टीम का गठन कर बुधवार की देर रात करीब वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान तेज गति से आ रहे पशुओं से लदे दो पिकअप वैन को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालके दोनों वाहनों के साथ कुछ दूर जाकर रूके अवैध रूप से लदे पशुओं समेत पिकअप वैनों को छोड़कर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। इधर, बेड़ो थाना में इस संदर्भ में अज्ञात के लोगों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर, बेड़ो थाना परिसर में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन ने बरामद पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया।

## सिमलिया में मकान से चोरी करते चोर पकड़ाया, स्कूटी जब्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिमलिया धौनी फॉर्म हाउस के बगल में एक नवनिर्मित मकान में तार की चोरी करते चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। उसकी पहचान पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के नया मुहल्ला निवासी राजन कुमार (24) के रूप में हुई है। वर्तमान में राजन रांची न्यू मधुकम विकास समिति कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने उसके पास से एक स्कूटी भी बरामद की है। पूछताछ में राजन ने बताया कि स्कूटी को उसने बुधवार की रात जगरनाथपुर से चोरी की थी। इसके बाद वह सिमलिया के एक नवनिर्मित मकान से तार की चोरी कर रहा था। इसी दौरान पुलिस की गस्ती टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर, मामले को लेकर रातू थाने में आरोपी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## नशा उन्मूलन पर रांची गोस्सनर कॉलेज में डालसा की ओर से कार्यक्रम आयोजित

# नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का उद्देश्य : राजेश सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को रांची गोस्सनर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए नालसा स्कीम 'डॉन' पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सीआइडी के रिजवान अंसारी, एनसीबी के राकेश गोस्वामी, सीडब्ल्यूसी सदस्य आरती कुमारी, पीएलवी प्रहलाद कुमार उपाध्याय, सम्पा दास, भारती देवी आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर अतुल गेरा ने कहा कि नशा हमारे देश को खोखला कर रहा है। नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस




व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों द्वारा दिये जा रहे लालच में न आएं। वहीं, एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए के जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। बताया कि कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ ही कई एनजीओ भी नशा करनेवालों को ठीक करने में मदद करते हैं। सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है। उन्होंने नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के उपयोग की भी जानकारी दी। वहीं, एनसीबी के रिजवान अंसारी ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए छात्रों को बताया। जबकि सीडब्ल्यूसी की सदस्या आरती कुमारी ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। उन्होंने रांची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने की अपील ली।

झारखण्ड सरकार
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,
(समाज कल्याण निदेशालय)
द्वितीय तल्ला, इंजीनियर्स हॉस्टल, सेक्टर–III, धुर्वा, राँची–834004
दूरभाष 0651–2400749, E-Mail Id- swdirectorate.jh@gmail.com
पत्र संख्या. 1727 स० क०,राँची दिनांक. 26.06.2025 ई०।

सूचना

केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आंगनवाडी एवं पोषण 2.0 के तहत राज्य के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र में उत्कमित किये जाने हेतु विभिन्न निविदा अभिलेख की सूची निम्नवत् है–

- केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोशण 2.0 के तहत् 9925 चयनित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए Wallcolck क्रय एवं आपूर्ति (GeM/2025/B/6227963) के संबंध में।
- केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोशण 2.0 के तहत् 16775 चयनित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए Pendriv के क्रय एवं आपूर्ति (GeM/2025/B/6237389) के संबंध में।
- केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोशण 2.0 के तहत् 16775 चयनित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए Ceilin Fan के क्रय एवं आपूर्ति (GeM/2025/B/6220083) के संबंध में।
- केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोशण 2.0 के तहत् 10176 चयनित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए RO Water Purifier क्रय एवं आपूर्ति (GeM/2025/B/6241700) के संबंध में।

उक्तनिविद Gem Portal पर https://gem.gov.in पर उपरोक्त GeM Bid reference के माध्यम से देखा जा सकता है।

P.R. No. 356090 (Women, Child Development & Social Security) 25-26
निदेशक समाज कल्याण।

## मुक्तिधाम के पास वन विभाग ने पौधा लगाया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट वन्य प्राणी आश्रयनी क्षेत्र के रानी बगीचा स्थित मुक्ति धाम के पास वन विभाग की ओर से वृक्षारोपण किया गया। जानकारी देते हुए वनपाल कृष्णा महतो ने बताया की मुक्ति धाम के आस – पास पेड़ पौधों की भारी कमी थी जिसको देखते हुए सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता के द्वारा वन विभाग से आग्रह किया गया था कि मुक्ति धाम के पास फलदार और छायादार पौधों को लगाया जाये जिसके बाद विभाग द्वारा गुरुवार को 50 आम पौधों को रानी बगीचा स्थित मुक्ति धाम में लगाया गया साथ ही सभी पौधों की घेराबंदी की गयी जिससे पौधे सुरक्षित रहे। मौके पर वनपाल कृष्णा महतो,सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता,स्वराज बसंत (मोनू), संतोष नायक, शशि भूषण उराव, रंजीत उरांव, संजीत उरांव, सुजीत गुप्ता शशि कांत बैठा, नितेश उरांव, तारक ठाकुर, किस्टो कर्मकार, बिनु बैठा, अनूप बैठा, प्रदीप बैठा, सहित काफी संख्या में वन बिभाग के कर्मी और प्रकृति प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## लाह की खेती के लिए किसानों को मिला प्रशिक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए जगह–जगह पर शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे किसान वैज्ञानिक विधि से खेती कर पहले की अपेक्षा अच्छा मुनाफा कर सकता है। जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र रायडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोब्जा के हीरादह धाम परिसर में गुरुवार को रायडीह वनोत्पादक सहयोग समिति रायडीह एवं सिद्धो कान्हो कृषि वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड झारखंड के सौजन्य से लाह अनुसंधान केन्द्र नामकुम रांची के विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक विधि से किसानों को खेती करने की जानकारी दी गयी। एक दिवसीय प्रशिक्षण में कोब्जा एवं कोंडरा पंचायत क्षेत्र से लगभग 300 किसानों ने भाग लिया।

## चैनपुर में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, 39 हजार जुर्माना की वसूली



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निदेर्शानुसार चैनपुर के विभिन्न चौक चौराहो पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों की जांच की गयी और नियम उल्लंघन पर जुर्माना लगाया गया। मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के नेतृत्व में चलाये गये अभियान में 25–30 मोटरसाइकिल चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन, हेलमेट पहनने, वैध दस्तावेज रखने, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे अनिवार्य कागजातों की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा टीम द्वारा मौके पर रोड सेफ्टी काउंसलिंग भी की गयी, जिसमें चालकों को यह बताया गया कि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की जान बचाने में भी सहायक होता है। जांच के क्रम में वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गयी और जिन चालकों के पास आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं थे, उनके विरुद्ध परिवहन अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की गयी। इस दौरान कुल 39,000 रु की दंड राशि वसूली गयी। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना एवं जिम्मेदार वाहन चलाने हेतु प्रोत्साहित करना था।

## प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चला




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित निशिद्ध मादक पदार्थ के रोकथाम एवं नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पालकोट में बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभियान 10 जून 2025 से प्रारंभ किया गया था जिस निमित्त विद्यालय के द्वारा प्रतिदिन आयोजन किया गया। जिसमे जागरूकता रैली, साइकिल रैली, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, वाद बिवाद, सवाल जवाब आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका गुरुवार को विशेष शपथ समारोह दिवस के पश्चात समापन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। समापन के मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बच्चियों ने शपथ लिया की समाज को नशा से दूर रखेंगे ना नशा करेंगें ना किसी को करने देंगें। मौके पर सुषमा तिर्की, नीतू कुमारी, बेला तोपनो, रोमा तिग्गा, तारामुनी कुमारी , कलवन्ति कुमारी, सुषमा उरांव,ऋतू कुमारी, चांदनी कुमारी सहित सभी शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थे।

## बहुउद्देशीय भवन में सखी मंडल सदस्यों की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिमरला पंचायत के भेलवाडीह गांव में पीएम जनमन योजना के तहत बने नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन में सखी मंडल सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में बहुउद्देशीय भवन के रखरखाव पर चर्चा किया गया। भवन का संचालन संकुल स्तरीय संघ आदर के द्वारा किये जाने का निर्णय हुआ। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नशा पान करने से होने वाले परेशानी,समस्या और जीवन पर होने वाले असर संबंधित कई जानकारी दी गयी। नशापान से परिवार उजड़ता है। आज के परिवेश में नशापन जीवन की सबसे बड़ी समस्या बन कर आयी है। वही सभी सदस्यो ने नशा मुक्त गांव बनाने का शपथ लिया। बैठक में महिला विकास मंडल के अमरिंदर कुमार, जेएसएलपीएस से नागेंद्र कुमार, नमुन अंसारी सखी मंडल की सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ ने किया सदर अस्पताल का दौरा

# सीसीटीवी और साफ-सफाई को लेकर दिये दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एसडीओ राजीव नीरज ने गुरुवार की अपराह्न सदर अस्पताल का दौरा किया। निरीक्षण के क्रम में सीसीटीवी कैमरा और अस्पताल के बाहर साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीओ ने कहा अस्पताल सेंसिटिव एरिया है सदर अस्पताल परिसर में जहां-जहां सीसीटीवी कैमरा की आवश्यकता है वहां लगायी जाये। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने सदर अस्पताल के पूरब,पश्चिम, ब्लड बैंक और अन्य स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की बात कही। एसडीओ ने पोस्टमार्टम हाउस जाने वाले रास्ते में फैले गंदगी को लेकर नगर परिषद से प्रतिदिन कचरा उठाव करने का निर्देश दिया है। बता दें कि अधिकारियों द्वारा कचरा उठाव को लेकर पूर्व में भी नगर परिषद को निर्देश दिया जा चुका है लेकिन इस दिशा में नगर परिषद कार्य नहीं कर रहा है। वही कचरे का ढेर लग गया है जिसकी बदबू से मरीज भी खासे से परेशान है। मौके पर एसडीओ ने सदर अस्पताल के रसोई घर का भी निरीक्षण किया। रसोई घर के बाहर गंदगी को तुरंत साफ करने का निर्देश दिया है। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के समीप पैदल चल रहे छतरपुर रायडीह निवासी लव लोहरा को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद लव और बाइक सवार दो युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गयी। वहीं लव का सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो गया। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल ऑटो से भेजा गया। वहीं घायल दोनों युवक को भी दूसरे ऑटो से सदर अस्पताल भेजा गया। लेकिन वे दोनों सदर अस्पताल नहीं पहुंचे और रास्ते से ही फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक बेहरा टोली के पास लव एक वेल्डिंग दुकान में मजदूरी का काम करता है। बुधवार की शाम करीब 6 बजे वह बेहरा टोली के पास किराए के घर जा रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया।

## युवा कांग्रेस ने संगठनात्मक चुनाव को लेकर घाघरा में किया पोस्टर लांच



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के चुनावी प्रक्रिया को लेकर घाघरा में गुरुवार को पोस्टर लॉन्च किया गया। इस क्रम में जिला समन्वयक जय प्रकाश चौबे और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने बिशुनपुर विधानसभा के घाघरा प्रखंड में नेता चुनो, नेता बनो का युवा कांग्रेस का पोस्टर लांच करते हुए कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस देश का ऐसा पहला राजनीतिक संगठन है, जो आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए योग्य नेतृत्व को सामने लाने का कार्य करता है। यह चुनाव पारदर्शिता और निष्पक्षता पूर्वक कराया जायेगा। जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने क्षेत्र से निर्वाचित होकर नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। साथ ही बताया कि यह प्रक्रिया भारत की राजनीति में एक ऐतिहासिक और सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। यह चुनाव ब्लॉक, विधानसभा, जिला एवं राज्य स्तर पर कराये जायेंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से नेतृत्व के अवसर प्रदान करना है। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष पल्लव कुजूर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सौरव भगत, जिला महासचिव अमित साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी निलेश उरांव, साबिर अली, नितेश कच्छप, स्वरूप खान, बबलू उरांव, रामधनी उरांव, रंढू उरांव, राहुल उरांव, विशाल बड़ाइक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डालसा ने डीएवी के विद्यार्थियों को नशा के खिलाफ किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा विरोध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पूरे गुमला जिला के स्कूलों ,पंचायत, थाना आदि जगहों में किया गया। नालसा द्वारा जारी नशा मुक्ति पर शॉर्ट वीडियो क्लिप के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में डीएवी विद्यालय गुमला में विद्यार्थियों के मध्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं तस्करी रोकथाम एवं जागरूकता अभियान 'ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन आफ ए ड्रग फ्री इंडिया' के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुवचंद्र मिश्र ने कहा कि किसी चीज के प्रति एडिक्शन हमारे व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित करता है। बातों को ध्यान से सुनने के साथ अमल करें ज़िंदगी में क्या करना है यह जानने के साथ क्या नहीं करना है यह जानना भी जरूरी है. नशे से दूर रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि विश्व में नशे की रोकथाम की कड़ी में ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेवीगेशन के द्वारा जागरूकता के साथ नशे की लत छुड़ाने के लिए प्रयासरत हैं। नशे की ओर प्रेरित करने वाले दोस्तों के ग्रुप से दूर रहें। न्यायिक पदाधिकारी सह रजिस्टर श्री प्रतीक राज ने कहा कि झूठ बोलने से व्यक्तित्व कमजोर होता है नशा से दूर रहें और सकारात्मक कार्य करें। अस्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभु सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति के बिना अच्छे समाज एवं देश की कल्पना नहीं की जा सकती । हर अपराध के पीछे नशे का हाथ है । श्री पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि छोटी बातों से घबराकर नशे की लत लगाने से उस समस्या का समाधान नहीं होता। कार्यक्रम का संचालन शंभू सिंह ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन पवित्र कुमार मोहंती ने किया।

## ओडिशा में दलित युवकों की पिटाई की घटना की कांग्रेस ने निंदा की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा शासित ओडिशा राज्य के गंजाम जिले में गो-तस्करी के शक में दो दलित युवकों को बुरी तरह पीटने, उनका आधा सिर मुंडन करने, उन्हें घुटनों के बल चलने पर विवश करने, घास खिलाने व नाली का पानी पीने के लिए मजबूर करने की घटना का जिला कांग्रेस कमिटी के चेयरमैन सह मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन अख्तर ने तीव्र निंदा करते हुए वहां के सीएम मोहन चरण मांझी से इस्तीफे की मांग की है। आरिफ हुसैन अख्तर ने कहा कि अगर ओड़िसा के सीएम में तनिक भी दलित समुदाय के लिए सहानुभूति है तो वे तत्काल इस्तीफा देकर उस सहानुभूति को प्रदर्शित करें। अन्यथा उनकी दलित विरोधी मंशा देश व दुनिया के सामने खुलकर जगजाहिर होगी। आरिफ ने घटना में शामिल सभी दोषियों को त्वरित गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में अभियोजन चलाते हुए फांसी की सजा देने की मांग की है।

# थाना दिवस पर 6 में से पांच मामलों का निपटारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना परिसर में गुरुवार को थाना दिवस का आयोजन सीओ शेखर वर्मा की अध्यक्षता में की गयी। सीओ एवं थानेदार ने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल 6 आवेदन मिला जिसमें 5 मामले का निष्पादन किया गया। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने बताया कि एक आवेदन पर सिर्फ एक पक्ष के ही लोग उपस्थित थे जिस कारण उनका उनका सुनवाई नहीं हो सका अगले थाना दिवस में उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि जमीन संबंधित मामलों को लेकर आपसी लड़ाई झगड़ा से बच्चे समस्या हो तो थाना दिवस में थाना परिसर आकर अपना समाधान करें या तो फिर अंचल कार्यालय पहुंचकर आवेदन देकर अपना समस्या समाधान कर सकते हैं। इधर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि अगर आप सभी के पास भी जमीन संबंधित कोई समस्या है तो आगामी आयोजित होने वाले थाना दिवस में पहुंचकर अपने मामलों का निष्पादन करा सकते हैं।

# चैतु उरांव ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी की आवश्यक बैठक परिसदन भवन के सभागार में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के द्वारा सभी प्रखंडों के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र समर्पित किया गया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि कोंग्रेस पार्टी संगठन सृजन का वर्ष है। संगठन सृजन के तहत जिला स्तर पर प्रखंड, मंडल, पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। देश हित मे राहुल गांधी के संघर्ष को देखते हुए लोगो का कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग केंद्र की मोदी सरकार से ऊब चुके है। और परिवर्तन चाहते है।देश मे परिवर्तन की लहर चल चुकी है। इसलिए बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ रहे है। कहा कि किसी भी संगठन का रीढ़ उनके कार्यकर्ता होते है। इसी के तहत गुमला जिला के सभी प्रखंडों के मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र समर्पित किया जा रहा है। नव नियुक्त अध्यक्ष पार्टी द्वारा दिये जाने वाले जिम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन करें।

**Office of The Executive Engineer**
**Planning & Investigation Division, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, Third Floor, Doranda, Ranchi-834002**
**Email id :- eercdpiranchi-jhr@nic.in**

Letter No-701 Dated –24-06-2025

**Notice Regarding Cancellation of Tender**

Due to erroneous entry observed in the uploaded Tender invited Bid vide this office Tender Ref. No:-RCD/PID/RANCHI/07/2025-26 (1st Call) bearing e-Tender ID No- 2025_CECOM_102046_1, whose PR No-[ 354576 Road(25-26):D] having Work Name "Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for widening & Strengthening/ Reconstruction of (i) Koriya in Karamdaha bridge (Govindpur- Jamtara- Sahebganj road) to Potari ADB road via Daldali Sundarpahadi, Dhurnibeda bridge-Irikiya (Tentative length-19 Km) and (ii) PWD road to Murradih road via Tundi Kalali more Keshka, Patikdih, Mishirdih, Sonriya, Kaju Van More Pahad Chatatand, Yadavpur (Tentative length-20 Km) (Tentative total length-39 Km) including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Dhanbad District in the State of Jharkhand" is here by cancelled with immediate effect.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 356050 Road(25-26).D

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, DHANBAD, COMBINED BUILDING FAX NO. 0326-2313329**

**E-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part)are invited from reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ GST Including 18% (non-refundable) (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 71/PR/JBVNL/ 2025-26 | Raising of boundary wall and other allied civil works at 33/11KV P/S/S, Hirapur, Dhanbad | 8,64,000/- | 17,300/- | 1475/- | 4 Months |
| 2 | 72/PR/JBVNL/ 2025-26 | Construction of Electric Supply Section office building at Dhaiya, Dhanbad | 14,40,500/- | 28,900/- | 2950/- | 5 Months |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 29.06.2025 at 11:00 AM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 18.07.2025upto 06:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 19.07.2025upto 05:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 21.07.2025 at 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | General Manager-cum-Chief Engineer, Electric Supply Area, Dhanbad |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mobile No.-8603010162 / 9852688272.

1. E-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be received from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. 06034-222109.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-Cum-CE
Electric Supply Area, Dhanbad

PR 356065 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

e-Tender Reference No. LNP/ 01/2025-26 Date- 25-06-2025

| Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying and installation of Highmast Ligh (12 Mtr) Under Nagar Parishad, Lohardaga | 2436745.00 | 48735.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 2 | Construction of P.C.C. road from Bablu tent house to Tejamul Hussain house, Kaushar Ansari house to Vishwanath Sahu house at Khawaja Guljar Nagar in ward no 01 and .Shaifque Ansari house to Mubarak Ansari House at Ali Nagar in Ward No -02 | 1953345.00 | 39067.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 3 | Construction of PCC Road from Bahadur Oraon house to Pawan Sahu house, Basar Toli in ward No. 21 | 1127701.00 | 22554.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 4 | Construction of RCC drain from Sajid Quraishi house to Jibraan Khan house & Repairing of PCC Road from Sajid Quraishi house to Meraj Quraishi House at Noor Nagar Ward No -02 | 1560976.00 | 31220.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 5 | Construction of RCC Drain from Udaynath sahdev house to Rahul Kumar house at ward No. 15 | 1354489.00 | 27090.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 6 | Construction of RCC Drain in Lohardaga Nagar parishad Ward No. 10 from Bagru More to Tipu Sultan Chowk. | 1792684.00 | 35854.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 7 | Construction of RCC drain from Masjid Raza-e-Mustafa to Danish Khan house to Raju house (680'X1.5'X1.5') & Repairing of PCC Road ( 500'X10' ) from Masjid Raza -e- Mustafa to Danish Khan house at New Azad basti Ward No -02 | 1877759.00 | 37555.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 8 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from House of Anup thakur to Suresh Thakur House, Suresh Thakur to Sahu Bul House , Suresh Thakur House to Satish Thakur House, at ward No. 18 | 2472835.00 | 49457.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 9 | Construction of Brick Drain with Slab and Repair Work of PCC road from Prachin shiv mandir to house of santosh verma haose via Mr. Khatri house Dhodhatoli ward No. 03 | 1418344.00 | 28367.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 10 | Construction of RCC Drain and Repair of PCC Road from Mahavir Mistri house to Mithlesh Tiwari house Dhodhatoli, Ward No. 04 | 1881332.00 | 37627.00 | 5,900.00 | 90 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | Date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 02-07-2025 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-02-07-2025 Time 11:00 A.M To Date 16-07-2025 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 02-07-2025 Time 11:30 P.M To Date 16-07-2025 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-07-2025 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 356041 Lohardaga (25-26)_D

**कार्रवाई : डीसीएलआर कार्यालय में एसीबी की छापामारी**

# 15 हजार घूस लेता कंप्यूटर ऑपरेटर रंगेहाथों गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



आरोपित कम्प्यूटर ऑपरेटर अनीश को गिरफ्तार कर ले जाती एसीबी की टीम।

**धनबाद।** जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वह वीर बहादुर सिंह नामक व्यक्ति से जमीन संबंधी एक संचिका को आगे बढ़ाने के एवज में घूस ले रहा था। जानकारी के मुताबिक माडा कॉलोनी निवासी शिकायतकर्ता वीर बहादूर सिंह अपनी जमीन का म्यूटेशन कराना चाहते थे। लेकिन म्यूटेशन का आवेदन पहले रद्द हो गया था। इसी को लेकर एक वाद डीसीएलआर कार्यालय में चल रहा था। वीर बहादुर पिछले एक महीना से इस कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे थे। जब फाइल दोबारा आगे बढ़ाने की कोशिश की, तो कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश उनसे 15 हजार रुपये की मांग की थी। यह वादा भी किया था कि पैसे मिलने के बाद वह अपील वाद के पक्ष में ऑर्डर निकाल देगा। पर वीर बहादुर सिंह पैसे देने से इंकार कर रहे थे। थ्थक हार कर वीर बहादुर ने अनीश की शिकायत एसीबी से कर दी। शिकायत का सत्यापन करने पर आरोप सही पाया गया। जिसके बाद गुरुवार को एसीबी की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही कंप्यूटर ऑपरेटर ने घूस की राशि स्वीकार की, वहां पहले से घात लगाए टीम ने रंगेहाथ धर दबोचा। उधर, गिरफ्तारी के तुरंत बाद डीसीएलआर कार्यालय में हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ जुट गई और एसीबी की टीम ने कार्यालय में दस्तावेजों की तलाशी शुरू कर दी। फिलहाल आरोपी से एसीबी कार्यालय में पूछताछ जारी है और कागजात खंगाली जा रही हैं। बतातें चलें कि इन दिनों धनबाद के अंचल और रजिस्ट्री कार्यालय से लेकर झारखंड के कई विभागों में घूसखोरी एक बड़ी समस्या बन गई है। सरकारी दफ्तरों में व्याप्त घूसखोरी एक जटिल समस्या बन गई है। रिश्वतखोरों के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई से जनता का भरोसा भी सरकार पर बढ़ेगा और भ्रष्टाचारियों में कुछ भय व्याप्त होगा।

# बोकारो में डेढ़ करोड़ की ज्वेलरी की लूट का खुलासा, छह गिरफ्तार

## पटना के बेउर जेल में बंद मास्टरमाइंड ने रची थी साजिश

## 12 और 13 जून को चास पहुंचकर आस्था ज्वेलर्स की गयी थी रेकी

आजाद सिपाही संवाददाता





**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र अंतर्गत आस्था ज्वेलर्स में विगत 23 जून को हुई करीब 1.5 करोड़ रुपये की लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से लूट के जेवरात, दो बाइक, एक कार और मोबाइल फोन सहित कई अन्य सामान भी बरामद किया हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड पटना के बेउर जेल में बंद अविनाश श्रीवास्तव निकला, जिसने जेल के भीतर से इस कांड की पूरी साजिश रची। बतातें चलें कि घटना 23 जून की शाम 5.59 बजे की है, जब चार अज्ञात अपराधी हथियारों के बल पर चास बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में घुसे और वहां से डेढ़ करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूटकर दो बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। जिसने घटनास्थल और अपराधियों के भागने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद पटना पुलिस की एसटीएफ और आलमगंज थाना के सहयोग से छापामारी की गई, जिसमें रोशन सिंह, राहुल पटेल उर्फ डायमंड, नीतेश कुमार, आदित्य राज, प्रिंस कुमार सुमन और मुसाफिर हवारी नामक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बिहार के पटना के आलमगंज, महावीर घाट और भद्राघाट से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि पूरी साजिश बेउर जेल में बंद अपराधी अविनाश श्रीवास्तव ने रची थी। उसने अपने साथियों करण उर्फ देवा, राहुल पटेल उर्फ डायमंड और बिरू उर्फ गोलू उर्फ रोनित को निर्देश देकर घटना को अंजाम दिलवाया। इन लोगों ने 12 और 13 जून को चास पहुंचकर आस्था ज्वेलर्स की रेकी की और बड़ग्राम, पुरुलिया के सिंह होटल में रुके। इसके बाद 14 जून को वे वापस लौट गए। घटना वाले दिन यानी 23 जून को रोशन सिंह, राहुल पटेल, नीतेश कुमार, आदित्य राज, प्रिंस कुमार सुमन और मुसाफिर हवारी दो कार और दो बाइक पर सवार होकर चास पहुंचे। रोशन, राहुल, आदित्य और प्रिंस हथियारों के साथ आस्था ज्वेलर्स में घुसे और जेवरात लूटकर भाग निकले। लूटे गए जेवरात को थैले में भरकर आईटीआई मोड़ पर खड़ी डिजायर कार में रखा गया और फिर सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों में प्रिंस कुमार सुमन ने पुलिस को बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 19 जून को पेटरवार थाना क्षेत्र के एक वाइन शॉप से पांच लाख रुपये की लूट भी की थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों में से कई के खिलाफ पहले से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जैसे राहुल पटेल उर्फ डायमंड पर बेउर थाना, पटना में धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है, वहीं प्रिंस कुमार सुमन पर पेटरवार थाना में लूट और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, चास थाना प्रभारी सुषमा कुमारी, खुर्शीद आलम, अभिषेक रंजन सहित कई पुलिस पदाधिकारी, जवान शामिल थे। वहीं, बोकारो पुलिस की यह कार्रवाई न सिर्फ एक बड़ी लूट का पदार्फाश है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि संगठित अपराध अब जेल के भीतर से भी संचालित किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं, प्रशासन की ओर से कहा गया कि जल्द ही पूरे गिरोह की पूरी संरचना को तोड़ा जाएगा और इसके पीछे छिपे सभी चेहरों को बेनकाब किया जाएगा।

# ड्यूटी के दौरान करंट लगने से युवक की मौत



युवक की मौत की खबर सुनकर रोते बिलखते परिजन।

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज-हटीया निवासी बिद्युत दे (30) नामक युवक का करंट लगने से मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल के अंडाल में रेलवे विभाग में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम चार बजे काम कर रहा था। इसी बीच तेज बारिश के कारण शेड में जल जमाव हो गया था। इसी दौरान करंग लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कथित रूप से उसे अस्पताल ले जाने में देरी हो गयी। जिस कारण उसकी मौत हो गया। इसके बाद सहकर्मियों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों और स्थानीय लोगों की मानें तो विद्युत दे एक मेहनती और जिम्मेदार युवक था। उनकी आकस्मिक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उधर, परिजनों को सूचना मिलने के बाद गांव में मातम पसर गया। वहीं, गुरुवार को दोपहर के बाद विद्युत दे का शव राजगंज स्थित उसके आवास पहुंचा। बताया जा रहा कि यूनियन और विभाग के बीच कई दौर की बात हुई जिसमें मुआवजा और नौकरी देने आदि पर चर्चा हुई। दूसरी ओर यूनियन की ओर से 25000 और विभाग की ओर से 25000 रुपये की राशि तत्काल सहायता के रूप में दी गई है, ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके।

# झारखंड ई रिक्शा-टोटो संघ के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड ई-रिक्शा (टोटो) संघ के गांधी रोड के भगीरथी पैलेस स्थित प्रधान कार्यालय का गुरुवार को संगठन के संरक्षक वैभव सिन्हा ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, महासचिव शैलेश कुमार, रवि साव और राजेश राम उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए। इसमें पवन साव, राजा साव, संजय कुमार, सोनू पासवान, सनोज पासवान, राजेश सिंह, सुधांशु झा, वीरेंद्र यादव, अनुप केशरी, धर्मेंद्र भगत, प्रदीप मोदी, विष्णु दास, राजू कर्मकार आदि थे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती, एकजुटता और सेवा भावना को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# भौंरा में संयुक्त मोर्चा की इजे एरिया जीएम के साथ हुई वार्ता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को महाप्रबंधक जेसी राय एवं संयुक्त मोर्चा के नेताओं के बीच वार्ता हुई। इस दौरान ने कई मुद्दे उठाये गये। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि सीआइएसएफ डीआइजी से बात कर 35 नंबर खदान से सीआइएसएफ जवानों को हटा कर पावर हाउस में ड्यूटी लगायी जायेगी। साथ ही ठेकेदार को नोटिस भेज कर पावर प्लांट में चहारदीवारी बनवायी जायेगी। निदेशक कार्मिक से मिलकर भौंरा हॉस्पिटल में जल्द स्थायी फार्मासिस्ट पदस्थापित किया जायेगा और मजदूरों को वेतन पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। समुचित लाइट की व्यवस्था भी की जायेगी। वार्ता में एजीएम सुशील कुमार, एपीएम सुधांशु महाजन, एसीइ ऋषिकेश कदम, नेताओं में एसके शाही, उदय प्रसाद साहू, संन्यासी नायक, धनंजय कुमार, रंजीत यादव, धनंजय कुमार सिंह, निरंजन कालिंदी, जसवंत सिंह, एलएन प्रसाद, नुनूलाल पासवान, वीरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## मां कामख्या चंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** केशलपुर पंजाबी मोहल्ला स्थित दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित नौ दिवसीय मां कामख्या चंडी महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान धार्मिक उद्घोष से इलाका गुंजायमान रहा। कलश यात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल थी। भगवान श्रीराम दरबार बोकारो के कलाकारों की श्रीकृष्ण राधा की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। वहीं, 501 युवतियों एवं महिलाओं ने कलश उठाया। राजगंज रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में यज्ञाचार्य राजबिहारी शर्मा, पवन पाठक, पिंटू पांडेय, अनुज पांडेय, महेंद्र शास्त्री, श्रवण उपाध्याय, रीतेश पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, मुकेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरनी की रस्म करायी। वहीं, आचार्यों की टोली ने विधि-विधान से पूजन कराकर मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापन और पंचांग पूजन कराया। कलश यात्रा में विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा नेता शेखर सिंह, डॉ बीएन चौधरी, हरि प्रसाद अग्रवाल, विनायक गुप्ता आदि शामिल रहे।

# मैथन डैम में डूबने से युवक की मौत

**नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबा, औरंगाबाद से आया था रिश्तेदारों से मिलने**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित मैथन डैम में गुरुवार को नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। वह बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला था। वह अपने रिश्तेदार से मिलने धनबाद आया था। उसकी पहचान पिंटू चौधरी (27) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पिंटू इस दिन अपने परिजनों के साथ मैथन डैम घूमने गया था। मैथन छठ घाट पर नहाते के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। पिंटू को तैरना नहीं आता था। इस लिए वह गहरे पानी में डूब गया।

### जा रहे थे पूजा करने

उधर, घटना की सूचना मिलते ही मैथन पुलिस मौके पर पहुंच गयी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू किया गया। लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद पिंटू का शव बरामद किया गया। मृतक के साथियों की मानें तो वे सभी कल्याणीश्वरी मंदिर पूजा करने जा रहे थे। रास्ते में मैथन डैम पर नहाने के लिए रुके थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## बोकारो में जंगली हाथी ने मजदूर को कुचला, मौत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के गोमिया प्रखंड स्थित धर्मपुर गांव में जंगली हाथी ने एक मजदूर की जान ले ली। मृतक की पहचान कलाम अंसारी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल के कुल्टी का रहने वाला था। स्थानीय एक निमार्णाधीन क्रेशर में काम करता था। घटना बुधवार की रात करीब 11 बजे की है। जानकारी के मुताबिक क्रेशर साइट पर पांच मजदूर सो रहे थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी ने परिसर में प्रवेश किया। नाइट वॉचमैन सहित चार मजदूर भागकर बच गए, पर कलाम अंसारी हाथी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 15 दिनों से हाथियों का झुंड इलाके में उत्पात मचा रहा है। वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इधर, ग्रामीणों ने वन विभाग से उचित मुआवजा और सुरक्षा की मांग की है। वहीं, वन विभाग के आईएफएस संदीप सिंडे ने बताया कि गोमिया प्रखंड के धर्मपुर गांव में बुधवार की रात एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचल दिया था। इसकी सूचना मिलने पर टीम वहां पहुंच गई। मृतक के परिजन को मुआवजा दे दिया गया है।

## रथयात्रा आज

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के चास क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा को लेकर शुक्रवार को और पांच जुलाई को विशेष धार्मिक आयोजन होगा। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**नशा निषेध दिवस एवं तस्करी के खिलाफ चला जागरूकता अभियान**

# हमें नशे के खिलाफ केवल बोलना ही नहीं बल्कि उदाहरण बनकर दिखाना है: न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस एवं अवैध तस्करी के खिलाफ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न पंचायत, लीगल लिटरेसी स्कूल एवं कॉलेज में एलएडीसीएस, डालसा के अधिकार मित्र, पैनल अधिवक्ता की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता रैली, काउंसलिंग शिविर और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में नालसा नई दिल्ली की ओर से जारी वीडियो क्लिप को छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण को दिखाया गया। लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि यह दिवस हमें नशा के खतरों के प्रति जागरूक करने और समाज में फैली इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने की प्रेरणा देता है। कहा कि नशा एक धीमा जहर है। यह न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। दुख की बात है कि आजकल युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। यह लत उन्हें पढ़ाई से दूर कर रही और अपराध की ओर धकेल रही है। उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। यदि समय रहते इन्हें रोका न गया, तो राष्ट्र का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से आआह्वान किया कि हमें नशे के खिलाफ केवल बोलना नहीं, बल्कि उदाहरण बनकर दिखाना है। समाज में जागरूकता अभियान चलाकर, नशे से दूर रहने का संदेश फैलाना चाहिए। अगर हमारा कोई साथी या पड़ोसी इस रास्ते पर चल रहा हो, तो प्यार और समझदारी से उसे सही रास्ता दिखाने की कोशिश करनी चाहिए।



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

**-: आम सूचना :-**

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–01 रा0(विभाग), दिनांक –14.05.2025 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में प्रथम चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रखण्डः– सिमरिया | | |
| 1 | बन्हे | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 2 | बानासाड़ी | बानासाड़ी / रोल | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 3 | पुण्डरा | पुण्डरा / सिकरी | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 4 | एदला | बड़ा एदला / छोटा एदला | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 5 | डाड़ी | डाड़ी / बकचोमा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– हण्टरगंज | | |
| 6 | नवाडिह पनारी | मयापुर कला / नावाडिह पनारी | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 7 | जवड़ा | जबड़ा / जिरहुलीया | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 8 | मीरपुर | सोनवरसा / शेरपुर | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 9 | नवाडिह | भोजपुर / सोहाद | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 10 | डाहा | विहीया जरहलीच / बेला | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– प्रतापपुर | | |
| 11 | रामपुर | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 12 | प्रतापपुर | प्रतापपुर / कोसीआरा | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 13 | बभने | चैनपुर / विरमात कुम | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 14 | गजवा | पाती / ननई खुर्द | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 15 | मोनिया | मोनिया / लोधीया | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– टण्डवा | | |
| 16 | कल्याणपुर | दुन्दुआ / अतराठी | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 17 | किचतो | करमटांड / किचटो | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 18 | बहेरा | बहेरा / राजघर | 0507.2025 / 06.07.2025 | |
| 19 | बेंती | डेम्बुआ / झुलनडीहा | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 20 | बचरा उत्तरी | बचरा अंश / होसिर | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– पत्थलगडा | | |
| 21 | सिंहानी | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, शिला। |
| 22 | नावाडीह | नवाडीह / डमौल | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 23 | बरवाडीह | बेलहर / कुप्पा | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 24 | नोनगाँव | गोपीपुर / बन्दरचुँआ | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 25 | मेराल | मेराल / खैरा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | |
| 26 | राजपुर | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 27 | चिरिदिरी | चिरिदिरी / नईकी हेसांग | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 28 | कोल्हैया | कोल्हैया / भांग कुरकुट्टा | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 29 | बेंगोकला | बेंगोकला / मनगड़ा | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 30 | तुलबुल | तुलबुल / करमा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– ईटखोरी | | |
| 31 | ईटखोरी | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 32 | टोनाटांड | टोनाटांड / नगवाँ | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 33 | हलमता | हलमता / मुरुमदांग | 0507.2025 / 06.07.2025 | |
| 34 | धनखेरी | धनखेरी / परोका | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 35 | पितीज | हुरनाली / पितीज | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| | | प्रखण्डः– चतरा | | |
| 36 | पाराडीह | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 अंजु कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 37 | आरा | आरा / होलमगढ़ा कला | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 38 | सीमा | हफुआ / टिकुलिया | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 39 | जाँगी | लक्षणपुर / सरैया | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 40 | गंधरिया | गंधरिया / लोवागढ़ा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |

PR.NO.356010 Animal Husbandry(25-26):D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा।

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड मौर्याज इन्फ्रास्ट्रक्चर को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। गुरुवार 26 जून, 2025 को राजधानी के प्रतिष्ठित मौर्याज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशक राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और प्रसार प्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह ने मौर्याज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आरपी सिंह को प्रमाणपत्र सौंपा।

## जामताड़ा में 25 लाख कैश और लग्जरी कार के साथ 2 साइबर ठग गिरफ्तार

जामताड़ा। जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी ठगी की राशि जब्त की है। साइबर थाना पुलिस ने शहर के गायछंद मोहल्ले में स्थित एक घर पर छापेमारी की, जहां दो साइबर अपराधी ठगी की रकम बांटने के इरादे से एकत्रित हुए थे। पुलिस को मौके से 25 लाख रुपये नकद, 22 लाख रुपये मूल्य की हुंडई कार, एक लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, 5 एटीएम कार्ड और एक चेकबुक बरामद हुई है।गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार मंडल (निवासी: ताराबहाल, करमाटांड़ थाना क्षेत्र) और रघुवीर मंडल (निवासी: कासीटांड़, करमाटांड़ थाना क्षेत्र) के रूप में हुई है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
AADHAR VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
ADMISSION OPEN
For Demo Visit Our Youtube Channel ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi.

TEXMO Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

NEW LIFE CLINIC
ALL MEDICAL SPECIALISTS ARE AVAILABLE HERE
PEDIATRICIAN (शिशु रोग विशेषज्ञ)
GYNECOLOGIST (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
PHYSICIAN (सामान्य रोग विशेषज्ञ)
PHYSIOTHERAPIST (फिजियोथेरेपिस्ट)
हमारे यहाँ सभी प्रकार के टीकाकरण एवं खून जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
HOME COLLECTION ALSO AVAILABLE
9102350010,6202354863, 6294931155
Ground Floor, Gajsagar Complex Near State Bank of India, Kokar

ACME COACHING
Classes For
+2 / I.Com. Accts, Eco., B.St.
B.Com. All Sem.
C.A./C.S. Foundation
Our Top Achievers (2025 Exams)
Home Tutions Also Available
Address Santipuram Colony, Chesire Home Road, Dipatoli, Ranchi
Mob.: 8210990620 / 9835120846

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi | Mob:-7903079507 / 8092334348

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD : FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY,LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - Tally GST D-4 MONTH
GET JOB MONEY BACK

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय मां वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, राँची-834001
9431585446 | 7903633179

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
A. R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21